सुविचार

जल से शरीर शुद्ध होता है, मन से सत्य शुद्ध होता है, विद्या और तप से भूतात्मा तथा ज्ञान से बुद्धि शुद्ध होती है।

" मनु स्मृति "

दैनिक

# रेवांचल टाइम्स

निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

Revanchal Times
7509202320
@revanchal_times
revanchaljabalpur@gmail.com
revanchaltimes_

■ वर्ष - 09 ■ अंक - 329 ■ मंडला, मंगलवार 03 मार्च 2026 ■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-1 रूपये ■ विक्रम संवत् 2082 शक 1935 ■ www.revanchaltimes.com RNI. Reg. No


## न्यूज ब्रीफ

### कई अमरीकी लड़ाकू जहाजों को पहुंचा नुकसान : कुवैत

कुवैत सिटी। कुवैत ने कहा है कि अमरीकी फौज के कई सैन्य विमानों को नुकसान पहुंचा है, लेकिन सभी अमरीकी सैनिक सुरक्षित हैं। कुवैत के रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। आधिकारिक प्रवक्ता कर्नल साद अल अतवान ने कहा कि मामले की जानकारी मिलते ही तलाश और बचाव दल ने फौरन अपना काम शुरू कर दिया। कुछ घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है और दुर्घटना वाली जगह को खाली कराया जा रहा है। इस मामले में अधिकारी दुर्घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं ।

### दिल्ली के तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कुछ हिस्सों में सोमवार सुबह तीन स्कूलों से बम की धमकी भरे संदेश मिलने के बाद दहशत फैल गई। जिन स्कूलों को धमकी मिली उनमें आर्मी पब्लिक स्कूल, मीरा पब्लिक स्कूल और सलमान पब्लिक स्कूल शामिल हैं। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, बम निरोधक दस्ते और अन्य आपातकालीन प्रतिक्रिया दल परिसरों में पहुंचे। एहतियात के तौर पर छात्रों और कर्मचारियों को तुरंत परिसर से बाहर निकाला गया और गहन तलाशी ली गई। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के स्कूलों को इस तरह की धमकियां मिलने की यह पहली घटना नहीं है। पहले भी इसी तरह की फर्जी बम की धमकी की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे अभिभावकों और छात्रों में व्यवधान और चिंता पैदा हुई है।

### मुरैना में चोर के कंधे पर बैठकर नाचे टीआई, सस्पेंड

मुरैना। मुरैना में जौरा थाना प्रभारी दर्शन लाल शुक्ला का अपराधियों के साथ जन्मदिन मनाने और नाचने-गाने का वीडियो सामने आया है। बर्थडे सेलिब्रेशन 28 फरवरी की रात करीब 9 बजे थाना परिसर में ही शुरू हुआ। इसमें थाना प्रभारी को मालाएं पहनाई गईं, केक काटा गया। बधाई देने वालों की लाइन लगी रही। सेलिब्रेशन में कोतवाली थाना इलाके का हिस्ट्रीशीटर बाइक चोर लवकुश शर्मा भी था। उसने टीआई दर्शन लाल शुक्ला को अपने कंधों पर उठा लिया। उन्हें कंधे पर बैठाकर पूरे थाना परिसर में नाचते हुए घुमाता रहा। इसका वीडियो भी सामने आया है।




**इजराइल ईरान जंग**

**अबू धाबी में मंदिर बंद**

# भारत में 2 दिन में 760+ फ्लाइट कैंसिल

## मोदी बोले- देशों के साथ मिलकर भारतीयों की रक्षा करेंगे

**नई दिल्ली।** इजराइल-ईरान जंग के कारण बीते दो दिन में भारत में 760+ इंटरनेशनल फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। आज भी दिल्ली के आज भी दिल्ली एयरपोर्ट पर 87 फ्लाइट कैंसिल रहीं। दिल्ली, मुंबई, कोच्ची, बेंगलुरु, चेन्नई, जयपुर, अहमदाबाद जैसे इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स पर हजारों यात्री फंसे हुए हैं। मिडिल ईस्ट के मौजूदा हालात को देखते हुए और अबू धाबी के इअढर हिंदू मंदिर को 9 मार्च तक विजिटर्स के लिए बंद किया गया है। इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जंग पर इजराइल-ईरान जंग पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा- पश्चिम एशिया में के हालात चिंताजनक हैं। भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम करेगा। हम बातचीत से समस्या का समाधान निकालने के पक्ष में हैं। मोदी ने आज दिल्ली में हैदराबाद हाउस में कनाडा के पीएम मार्क कार्नी से मुलाकात के बाद यह बात कही। इधर, जम्मू-कश्मीर में लगातार दूसरे दिन ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर विरोध प्रदर्शन जारी हैं। श्रीनगर के बेमिना इलाके में सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस भी छोड़ी। कुछ लोगों को हिरासत में लिया। शोपियां, बारामूला, बांदीपोरा में लोगों ने बाजार बंद रखा है।







**पीओके में हिंसक प्रदर्शन विरोध :** भारत के अलावा पाकिस्तान में भी खामेनेई की मौत के विरोध में हंगामा जारी है। आज सुबह पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर में विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया है। गिलगित-बाल्टिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने यूनाइटेड नेशंस के ऑफिस में आग लगाई है, जिसमें गिलगित में यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (वठउद्ध) का ऑफिस भी शामिल है। वहीं, स्कर्दू में एसपी ऑफिस और कई सरकारी इमारतों में भी आग लगाई गई। प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग की वजह से 7 प्रदर्शनकारी मारे गए, 12 से ज्यादा घायल हैं। यहां पर अस्पतालों में इमरजेंसी घोषित की गई है। गिलगित और स्कर्दू में सिक्योरिटी हाईअलर्ट पर है। रविवार को पाकिस्तान के कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास में खामेनेई की मौत के विरोध में हंगामा हुआ था। घुसपैठ करने वाले प्रदर्शनकारियों पर दूतावास के अंदर से गोलियां चलाई गई थीं। अब तक 23 लोगों की मौत हो चुकी है। 10 से ज्यादा घायल हैं। हंगामा इमामिया छात्र संगठन ने किया था।

**ईरान में 10 हजार भारतीय :** ईरान में करीब 10 हजार भारतीय नागरिक रहते हैं, पढ़ते और काम करते हैं। जबकि 40,000 से ज्यादा इजराइल में रहते हैं। गल्फ और वेस्ट एशिया में करीब 90 लाख भारतीय हैं। मिडिल-ईस्ट के बंद एयरस्पेस के चलते 1 मार्च को भारतीय घरेलू एयरलाइंस की 350 उड़ानें रद्द की गईं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे अपनी फ्लाइट की स्थिति लगातार ट्रेक करते रहें।

**मिडिल ईस्ट देशों में भारतीय दूतावासों ने जारी की एडवाइजरी :** कुवैत में भारतीय एम्बेसडर, एम्बेसडर परमिता त्रिपाठी ने कुवैत में भारतीय समुदाय के लगभग 100 जाने-माने सदस्यों और भारतीय एसोसिएशन के प्रमुखों के साथ एक वर्चुअल बातचीत की। इनमें कुवैत, ऑस्ट्रिया, ओमान, लेबनान के भारतीय दूतावासों ने वहां फंसे भारतीयों के लिए एडवाइजरी भी जारी की है।

**राजधानी दिल्ली में प्रदर्शन के बाद सुरक्षा कड़ी :** ईरान के सुप्रीम लीडर, अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर शोक जताने के लिए हुए विरोध प्रदर्शनों और सभाओं के बाद नेशनल कैपिटल के कई हिस्सों में सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है। सावधानी के तौर पर सेंसिटिव इलाकों, खासकर डिप्लोमैटिक मिशनों और शिया आबादी वाले इलाकों में और पुलिस तैनात की गई है।

# 'मोदी जी, हमें बचा लीजिए', मिसाइलों की बारिश के बीच फंसे 90 लाख भारतीय

## तेहरान से दुबई तक गुहार

नई दिल्ली। मिडिल ईस्ट में ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच छिड़ा भीषण युद्ध अब एक मानवीय संकट में बदल गया है। खाड़ी देशों में रहने वाले 90 लाख से ज्यादा भारतीय इस समय मिसाइलों और सायरन के शोर के बीच फंसे हुए हैं। तेहरान के मेडिकल कॉलेजों से लेकर दुबई के आलीशान होटलों तक, हर जगह से भारतीय नागरिकों की घर वापसी की गुहार सुनाई दे रही है। 28 फरवरी को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद शुरू हुए हमलों ने पूरे खाड़ी क्षेत्र को दहला दिया है। वअए, कतर, ओमान और सऊदी अरब जैसे देशों में, जहाँ भारतीय प्रवासियों की सबसे बड़ी संख्या है, वहां अब युद्ध के सायरन गूंज रहे हैं।



भारतीय नागरिकों की अपीलों की बाढ़ आ गई है, जिनमें से कई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्रालय (टएअ) से उन्हें निकालने की गुजारिश की है। टएअ ने प्रभावित देशों में भारतीयों के लिए इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं, जो मेडिकल इमरजेंसी, सुरक्षा और निकलने से जुड़े सवालों के लिए मदद देते हैं। दुबई में एक वर्कर ने इंस्टाग्राम रील पर पोस्ट किया, "मैं यहां रोजी-रोटी के लिए आया था, लेकिन अब मैं बम से बचने की कोशिश कर रहा हूं। मैं मोदी जी और भारत सरकार से रिक्वेस्ट करता हूं कि हमें यहां से निकालें।"टूरिस्ट भी दुबई और अबू धाबी में फंसे हुए हैं, और मिडिल ईस्ट में टइअ और मेडिकल के स्टूडेंट भी सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर रहे हैं, जिसमें भारत सरकार से मदद मांगी जा रही है। मिडिल ईस्ट में 9 मिलियन से ज्यादा भारतीय हैं, जिनमें से ज्यादातर वर्कर हैं जो रोजी-रोटी की तलाश में खाड़ी देशों में चले गए थे। दुबई जैसी टॉप ग्लोबल टूरिस्ट जगहों पर भी मिसाइलों की बारिश हो रही है, जिससे बाहर से आए लोगों में डर बैठ गया है क्योंकि बहरीन, इराक, जॉर्डन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब, वअए में सायरन बज रहे हैं।ईरान में भारतीय स्टूडेंट्स, खासकर तेहरान में मेडिकल स्टूडेंट्स ने मदद की गुहार लगाते हुए इमोशनल वीडियो शेयर किए हैं। एक महिला स्टूडेंट ने कहाः "मैं एक इंडियन स्टूडेंट हूँ और अभी तेहरान में हूँ। यहाँ के हालात बहुत खराब और अनिश्चित लग रहे हैं। हमें सच में नहीं पता कि आगे क्या होने वाला है। हम सच में शुक्रगुजार हैं कि भारत सरकार और विदेश मंत्रालय हमारी सुरक्षा के लिए बातचीत कर रहे हैं। लेकिन ऐसे समय में, स्पीड बहुत मायने रखती है... एयर स्ट्राइक हो रही हैं और हमारे लिए हालात बहुत खराब होते जा रहे हैं। हम बस जल्द से जल्द और साफ-साफ लोगों को निकालने की रिक्वेस्ट करते हैं..."

ईरान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज के एक और पुरुष स्टूडेंट ने कहा, "मैं ईरान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंस का स्टूडेंट हूँ। हम अभी तेहरान में हैं और यहाँ मिसाइलों की बारिश हो रही है। और हम सभी स्टूडेंट जो इस वीडियो में आना भी नहीं चाहते, इसलिए उनकी तरफ से भी मैं भारत सरकार से अपील करना चाहूँगा कि वे हमें जल्द से जल्द निकालें..."यह ध्यान देने वाली बात है कि अभी ईरान में कम से कम 2,000 कश्मीरी स्टूडेंट हैं, जिनमें से कई मेडिसिन की पढ़ाई कर रहे हैं। जम्मू और कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने ढट मोदी को चिट्ठी लिखकर डिप्लोमैटिक दखल और जल्दी निकालने की रिक्वेस्ट की है।

# भारत को यूरेनियम देगा कनाडा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी और कनाडाई ढट मार्क कार्नी के बीच सोमवार सुबह हैदराबाद हाउस में मुलाकात हुई। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा- भारत और कनाडा के बीच निवेश-ट्रेड डील पर बातचीत हुई है। सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में, हमने यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए एक ऐतिहासिक समझौता किया है। दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों के लिए एमओयू किया गया है। इससे दोनों देशों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इसके अलावा, हम छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों और उन्नत रिएक्टर प्रौद्योगिकियों के विकास पर सहयोग करेंगे। कृषि, कृषि प्रौद्योगिकी और खाद्य सुरक्षा में मूल्यवर्धन करना भी हमारे लक्ष्यों में शामिल है। पीएम ने पश्चिम एशिया में ईरान वार को लेकर कहा- पश्चिम एशिया में तनाव से भारत चिंतित है। भारत विश्व में शांति और स्थिरता चाहता है। हर समस्या का समाधान बातचीत के जरिए निकाला जाना चाहिए। पीएम ने आगे कहा- हम इस बात से सहमत हैं कि आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरता न केवल हमारे दोनों देशों बल्कि पूरी मानवता के सामने गंभीर चुनौतियां हैं।



**पीएम मोदी और कार्नी की मुलाकात के बाद करार, डिफेंस और एनर्जी सेक्टर में सहयोग करेंगे दोनों देश**

# अब तक ईरान के किसी परमाणु रिएक्टर पर हमला नहीं, लेकिन रेडियोधर्मिता रिसाव का खतरा बरकरार

वियना। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने कहा है कि अब तक ईरान के किसी भी परमाणु ठिकाने पर हमला नहीं हुआ है, लेकिन ह्यरेडियोधर्मिता रिसाव ह्य की संभावना को टाला नहीं जा सकता। आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रोसी ने ईरान और पश्चिम एशिया में जारी सैन्य हमलों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सभी पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और परमाणु प्रतिष्ठानों पर किसी भी तरह के सशस्त्र हमले से बचने की अपील की है। ग्रोसी ने कहा कि आईएईए स्थिति की निगरानी जारी रखेगा और यदि परमाणु सुरक्षा में कोई उल्लंघन होता है तो सदस्य देशों को तत्काल तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। उन्होंने आगाह किया कि यदि रेडियोधर्मिता रिसाव होता है तो बड़े शहरों को खाली कराने की नौबत आ सकती है। ग्रोसी ने कहा कि एजेंसी ने अपने अधिकार क्षेत्र के अनुरूप संभावित रेडियोधर्मिता रिसाव आपात स्थिति की आशंका को ध्यान में रखते हुए तत्काल कार्रवाई की है। आईएईए का ह्यइंसिडेंट एंड इमरजेंसी सेंटरह्ण (आईईसी) सक्रिय है और एक समर्पित टीम स्थिति का आकलन कर रही है, हालांकि संघर्ष के कारण संचार में बाधाएं आ रही हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय सुरक्षा निगरानी नेटवर्क को सतर्क कर दिया गया है और अब तक ईरान से सटे देशों में पृष्ठभूमि स्तर से अधिक विकिरण दर्ज नहीं हुआ है।ईरान में परमाणु प्रतिष्ठानों की स्थिति पर उन्होंने कहा कि अब तक बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र, तेहरान अनुसंधान रिएक्टर या अन्य परमाणु ईंधन चक्र सुविधाओं के क्षतिग्रस्त होने का कोई संकेत नहीं मिला है। आईएईए ने ईरान के परमाणु नियामक प्राधिकरण से संपर्क साधने के प्रयास जारी रखे हैं, लेकिन अभी तक प्रतिक्रिया नहीं मिली है। महानिदेशक ने चेतावनी दी कि क्षेत्र के कई देशों में संचालित परमाणु ऊर्जा संयंत्र और अनुसंधान रिएक्टर हैं, जिससे किसी भी सैन्य हमले की स्थिति में परमाणु सुरक्षा के लिए जोखिम बढ़ जाता है। संयुक्त अरब अमीरात में चार परिचालित परमाणु रिएक्टर हैं, जबकि जॉर्डन और सीरिया में अनुसंधान रिएक्टर संचालित हैं।उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासम्मेलन के पूर्व प्रस्तावों का उल्लेख करते हुए कहा कि परमाणु सुविधाओं पर सशस्त्र हमले कभी नहीं होने चाहिए, क्योंकि इससे गंभीर रेडियोधर्मी उत्सर्जन हो सकता है, जिसके प्रभाव सीमाओं से परे तक पड़ सकते हैं।




# अकसमिट में शर्टलेस प्रदर्शन-यूथ कांग्रेस के कार्यकताओं को जमानत

दिल्ली कोर्ट बोली- नारे भड़काऊ नहीं थे, लोगों को डराने का सबूत नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली की एक कोर्ट ने अकसमिट में शर्टलेस विरोध प्रदर्शन के मामले में गिरफ्तार इंडियन यूथ कांग्रेस के नौ कार्यकताओं को सोमवार को जमानत दे दी है। कोर्ट ने कहा कि यह प्रदर्शन सिर्फ सरकार की आलोचना करने का तरीका था। इसलिए मुकदमा शुरू होने से पहले किसी को जेल में रखना कानून के मूल सिद्धांतों के खिलाफ होगा। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि प्रदर्शन के समय लगाए गए नारे भड़काऊ नहीं थे। उनमें कोई धार्मिक या क्षेत्रीय रंग नहीं था। किसी तरह की तोड़फोड़ या लोगों को डराने का भी कोई सबूत नहीं मिला। कोर्ट ने यह भी बताया कि प्रदर्शन करने वालों को सुरक्षा के साथ बाहर ले जाया गया था। कोर्ट ने कहा- आजादी अधिकार है और जेल केवल खास स्थिति में होनी चाहिए। अगर ट्रायल से पहले किसी को बिना जरूरी कारण के जेल में रखा जाए तो यह बिना सजा तय हुए ही सजा देने जैसा होगा। न्यायिक मजिस्ट्रेट (फर्स्ट क्लास) रवि ने कृष्ण हरि, नरसिंह यादव, कुंदन कुमार यादव, अजय कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह यादव, राजा गुर्जर, अजय कुमार विमल उर्फ बंटू, सौरभ सिंह और अरबाज खान की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया।




# ईरान का 4 देशों में 6 अमेरिकी बेस पर हमला

## कुवैत में कई अमेरिकी फाइटर जेट क्रैश, किसी फाइटर पायलट की मौत नहीं

तेल अवीव/तेहरान। इजराइल-अमेरिका और ईरान जंग का आज तीसरा दिन है। ईरान ने सोमवार को मिडिल-ईस्ट के 4 देशों में 6 अमेरिकी बेस पर हमला किया है। कुवैत में अमेरिका के कई फाइटर जेट क्रैश हो गए है। जेट हवा में गोल-गोल घूमने के थोड़ी देर बाद जमीन से टकरा गए। हालांकि, इसमें किसी मौत की नहीं हुई है। इस बीच ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, साइप्रस में स्थित ब्रिटिश सैन्य अड्डे पर संदिग्ध ड्रोन हमला हुआ है। यह हमला आधी रात को अक्रोटिरी बेस पर हुआ। इसके जवाब में ब्रिटिश सेना कार्रवाई कर रही है। दरअसल, ब्रिटिश ढट कीर स्टारमर ने ईरानी मिसाइल साइट्स पर हमले के लिए अमेरिका को इस बेस का इस्तेमाल करने की अनुमति दी थी। दूसरी ओर ईरान के टॉप नेशनल सिक्योरिटी अधिकारी अली लारीजानी ने सोमवार को कहा कि ईरान अमेरिका से कोई बातचीत नहीं करेगा। यह बयान उन खबरों के जवाब में आया है, जिनमें कहा गया था कि ईरान ने अमेरिका से फिर से बातचीत शुरू करने की कोशिश की है।



**ईरान में 555 की मौत, 740 घायल :** अल-जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और इजराइल ने मिलकर अब तक ईरान के 1000 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए हैं। इस दौरान शुरूआती 30 घंटे में 2000 से ज्यादा बम गिराए गए। इनमें अब तक 555 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 700 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 180 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं। 28 फरवरी को शुरू हुई इस लड़ाई के पहले दिन हुई बमबारी में ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए थे। इसके अलावा रविवार को 3 अमेरिकी सैनिक मारे गए थे।

### इजराइली राजदूत बोले- पीएम मोदी को पता नहीं था हमला होगा

नई दिल्ली। पीएम मोदी इजराइल दौरे पर 25 और 26 फरवरी को थे, इसके ठीक बाद 28 फरवरी को इजराइल ने अमेरिका के साथ मिलकर ईरान पर स्ट्राइक्स कर दीं। सवाल उठ रहे हैं कि क्या इजराइल दौर पर होते हुए पीएम मोदी को इसकी जानकारी दी गई थी? क्या हमले के बाद इजराइल ने भारत के विदेश मंत्रालय से इसके बारे में बात की है?




सीबीआई ने बिहार के दो जालसाजों को पकड़ा, जबलपुर मंडल की बायोमैट्रिक जांच में खुलासा

# गूगल से फोटो बनाई, रेलवे में नौकरी हासिल की


**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर। रेलवे में फजीर्वाड़ा और जालसाजी करते हुए नौकरी पाने वाले दो युवकों को जबलपुर सीबीआई की टीम ने गिरफ्तार किया है। दोनों युवक बिहार के मुंगेर जिले के रहने वाले हैं। युवकों के बीच नौकरी को लेकर 6 लाख रुपए का सौदा हुआ था। जबलपुर सीबीआई ने धोखाधड़ी और जालसाजी करने वाले दोनों आरोपियों को बिहार से गिरफ्तार कर जबलपुर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया है।**

## 2024 में निकली थी भर्ती

भारतीय रेलवे में 2024 में अलग-अलग पदों के लिए करीब 8 हजार से अधिक भर्तियां निकली थी। इसमें देश भर से अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इसमें टेक्नीशियन का पद भी था। मुंगेर निवासी मुकेश कुमार ने इस पोस्ट के लिए फार्म भरा। मुकेश ने पड़ोस के ही रंजीत कुमार जो कि कोचिंग पढ़ाया करता है, उससे संपर्क किया। मुकेश ने डील की कि उसकी नौकरी लग जाती है, तो 6 लाख रुपए नकद देगा।

## रुपए की लालच में आ गया रंजीत

मुकेश ने रंजीत कुमार से परीक्षा में बैठने से लेकर नौकरी लग जाने तक के लिए 6 लाख रुपए देने की बात कही। वह लालच में आ गया और मुकेश के स्थान पर बैठने के लिए तैयार हो गया। अप्रैल 2024 में फार्म भरा गया। जहां दिसंबर में पटना सीबीटी में परीक्षा हुई। एग्जाम पास करन के बाद दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल के लिए भोपाल




बुलाया गया। यहां पर भी रंजीत कुमार, मुकेश बनकर पहुंचा। मेडिकल कोटा अस्पताल में हुआ। जुलाई 2025 में पैनल बैठी। जहां मुकेश का सिलेक्शन हो गया।

## सेक्शन इंजीनियर ऑफिस में हुई ज्वाइनिंग

मुकेश की टेक्नीशियन के पद पर नौकरी लग चुकी थी। सितंबर 2025 में उसकी ज्वाइनिंग हो गई। इस दौरान मुकेश कुमार ने दमोह, सागर और जबलपुर में काम किया। अक्टूबर 2025 में ट्रेनिंग के लिए मुकेश कुमार को प्रयागराज भेज दिया गया।

## बायोमैट्रिक में हुआ फेल

रेलवे में नियम है कि नई भर्ती वाले कर्मचारियों का एक साल के भीतर बायोमैट्रिक के जरिए सत्यापन होता है। 14 नवंबर 2025 को जब टेस्ट हुआ तो उसमें मुकेश के अंगूठे और चेहरे का मिलान नहीं हो पाया और वह फेल हो गया। इसके बाद बिना जबलपुर में रुके मुकेश वहां से गायब हो गया और सीधे बिहार आ गया। जबलपुर मंडल की ओर से इस फजीर्वाड़े में सीबीआई को लिखित में शिकायत दी गई, जिसके बाद 2 दिसंबर 2025 को मुकेश कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

## गांव में मिले दोनों

रेलवे की शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने के बाद सीबीआई ने फजीर्वाड़े की जांच शुरू की। एसपी एसके राठी के निर्देश पर डीएसपी ए.के मिश्रा की टीम ने जांच करना शुरू किया। लोकेशन के आधार पर जबलपुर सीबीआई की टीम बिहार के मुंगेर पुहंची, जहां पर मुकेश हाथ लगा। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि रंजीत कुमार जो पड़ोस में ही रहता है। उससे इस नौकरी के लिए 6 लाख रुपए में सौदा हुआ था। मुकेश की निशानदेही पर सीबीईआई ने रंजीत कुमार को भी मुंगेर से पकड़कर जबलपुर लेकर आई। 2 मार्च 2026 में दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## गूगल से तैयार की फोटो

नौकरी के इस फजीर्वाड़े में सीबीआई को सबसे चौंकाने वाली जानकारी तब हाथ लगी, जब फॉर्म में लगी फोटो देखी। पूछताछ के दौरान रंजीत ने बताया कि जो फोटो लगाई गई थी, उसे गूगल से तैयार किया था, जिसमें रंजीत-मुकेश की मिक्सिंग की थी। प्लान था कि अगर पहचान में आते तो कह सकते थे कि ये पुरानी फोटो है और पहले इसी तरह से नजर आते थे। सीबीआई ने जांच में पाया कि मुंगेर निवासी मुकेश कुमार की कोचिंग चलती है, जहां वह कई लोगों को पढ़ाया करता है। सीबीआई अब यह भी जांच कर रही है, कि क्या मुकेश कुमार ने किसी और शख्स की भी परीक्षा में बैठकर मदद करते हुए नौकरी लगवाई है।

## एमपी में पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा में व्यापमं जैसा घोटाला

मध्यप्रदेश में जिस तरह से व्यापमं की परीक्षाओं में असली कैंडिडेट्स की जगह सॉल्वरों ने पेपर दिया था, उसी तर्ज पर दो साल पहले हुई पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा में भी सॉल्वर शामिल हुए हैं। इसका खुलासा एग्जाम देने वाले कैंडिडेट्स के दस्तावेजों की जांच के बाद हुआ है। अब तक अलग-अलग जिलों में फजीर्वाड़ा करने वाले 19 आरक्षकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं।पूरी खबर पढ़ें

# राजस्व विभाग और खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने शहपुरा में खुले में बिक रहा बटर जप्त कर कराया नष्ट

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** मिलावटी खाद्य पदार्थों के विक्रय पर रोक लगाने के कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निदेर्शानुसार आज सोमवार को कार्यपालिक दंडाधिकारी श्रीमती मौसमी केवट के नेतृत्व में राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन की संयुक्त टीम ने शहपुरा स्थित कान्हा डेरी का आकस्मिक निरीक्षण कर खुले में बेचे जा रहे नामी कंपनी के बटर को जप्त कर विनिष्ट कराने की कार्यवाही की। निरीक्षण के दौरान कान्हा डेयरी में डिलीशियस फैट स्प्रेड का बटर पैकेट कवर को निकाल कर विक्रय हेतु संग्रहित करना पाया गया था। संयुक्त दल ने बिना आउटर कवर के बटर के पाँच सौ ग्राम के 17 पीस एवं सौ ग्राम के 11 पीस का मौके पर ही विनष्टीकरण कराया गया। निरीक्षण में कान्हा डेयरी से ही एक्सपायरी डेट के पाये जाने पर सुहाना कसूरी मेथी के 9 पैकेट एवं सुहाना शाही पनीर के 12 पैकेट का भी विनिष्टिकरण कराया गया।संयुक्त टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित गुप्ता भी शामिल थे।

# होली पर क्षेत्र का निरंतर भ्रमण करें एसडीएम: कलेक्टर ने दिये निर्देश

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने जिले के सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को होलिका दहन और होली पर्व के दौरान कानून व्यवस्था की दृष्टि से अपने क्षेत्र का निरंतर भ्रमण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अनुविभागीय दण्डाधिकारियों से कहा है कि वे अपने क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों के साथ सतत संपर्क में रहें और उनके साथ क्षेत्र का संयुक्त भ्रमण करें। उन्होंने होलिका दहन वाले स्थानों एवं संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर रखने की हिदायत भी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को दी है।

# कलेक्टर ने दी होली की शुभकामनाएं

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** कलेक्टर श्री राघवेन्द्रस सिंह ने होली के पावन पर्व के अवसर पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है। उन्हों ने कहा कि होली का पर्व पूर्ण उत्साकह और उल्लाएसपूर्ण वातावरण में अच्छें से मनायें। होली रंगो का त्यौहार है, जो दुखों को भूलकर जीवन को नये सिरे से स्वीवकार करने का आमंत्रण देता है। यह बहुत ही महत्वलपूर्ण पर्व है। यह समय ठंड के समाप्त होने और वातावरण में एक सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। अतः होली को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं और शासन द्वारा दिये गये दिशा निदेर्शों का पालन भी करें।

जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने जारी किया आदेश

# एक अप्रैल से एलपीजी से संचालित वाहनों से स्कूली बच्चों के परिवहन पर प्रतिबंध

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** विद्यार्थियों की सुरक्षा की दृष्टि से जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने आदेश जारी कर जिले में एक अप्रैल के से एलपीजी से चलने वाले वाहनों से स्कूली छात्र-छात्राओं के परिवहन को प्रतिबंधित कर दिया है। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि एक अप्रैल के बाद यदि कहीं एलपीजी से संचालित वाहनों से स्कूली बच्चों का परिवहन पाया जाता है तो उसे इस आदेश का उल्लंघन माना जायेगा तथा संबंधित विद्यालय और वाहन स्वामी पर दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी। जिला दंडाधिकारी ने आदेश में सभी स्कूलों के प्रबंधन को प्रतिबंध की निर्धारित तिथि से पूर्व एलपीजी से संचालित वाहनों के स्थान पर वैधानिक रूप से अनुमन्य एवं फिटनेस प्रमाणित वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने की हिदायत दी है। उन्होंने



क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को स्कूली वाहनों का सत्यापन करने और एलपीजी से संचालित वाहनों पर कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये हैं। जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र में इस आदेश का कड़ाई से पालन कराने की जिम्मेदारी दी है। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों को विद्यालयीन समय के दौरान स्कूली वाहनों का आकस्मिक निरीक्षण करने कहा है। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को प्रतिबंधात्मक आदेश से सभी स्कूलों को अवगत कराने तथा स्कूलों के प्रबंधन को आदेश का समयबद्ध पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये हैं।



# ई-औषधि पोर्टल ऑनबोर्ड कराए जाने के लिए आयुष विभाग का प्रशिक्षण

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** संचालनालय आयुष विभाग मध्यप्रदेश के निदेर्शानुसार आयुष विभाग जबलपुर के अधीन संचालित सभी संस्थाओं को ई-औषधि पोर्टल पर ऑनबोर्ड कराने के उद्देश्य से हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण ई-दक्ष केन्द्र जबलपुर में आयोजित हुआ। जिला आयुष अधिकारी डॉ. सुरत्ना सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग के अधीन संचालित सभी संस्थाओं के कुल 41 प्रभारी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण, मास्टर ट्रेनर्स आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. युगल किशोर ईडपाचे एवं डॉ. सर्वेश पटेल द्वारा प्रदान किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को पोर्टल संचालन एवं औषधि प्रबंधन की ऑनलाइन प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस डिजिटल पहल के माध्यम से अब आयुष संस्थानों में दवाओं का स्टॉक और वितरण पूरी तरह ऑनलाइन एवं पारदर्शी हो सकेगा।

## इंडिया स्किल रीजनल कॉम्प्टीशन में प्राप्तव किया मैडेलियन फॉर एक्सिलेंस अवॉर्ड. कलेक्टर श्री सिंह ने छात्रा को किया सम्मानित

# महिला पॉलीटेक्निक की छात्रा ने बढ़ाया जिले का गौरव

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** युवाओं में कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केन्द्रि शासन के कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा गांधी नगर गुजरात में 15 से 18 फरवरी तक आयोजित की गई स्किल इंडिया रीजनल कॉम्पयटीशन (वेस्टर्न रीजन) में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जबलपुर की कम्प्यूज टर साइंस की छात्रा एश्ववर्या विश्वपकर्मा ने मैडेलियन फॉर एक्सिलेंस अवॉर्ड प्राप्तग कर जबलपुर और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। कलेक्टर श्री राघवेन्द्र सिंह ने आज छात्रा एश्वर्या विश्वकर्मा को प्रशस्ति पत्र व मेडल से सम्मानित किया। ऐश्वर्या विश्वकर्मा ने इस प्रतियोगिता में डेटाबेस कनेक्टिरविटि के साथ अलग-अलग वेब एप्लीकेशन तैयार कर यह उपलब्धि हासिल की। एश्विर्या के मुताबिक उसकी इस उपलब्धि की यात्रा जिला स्तरीय प्रतियोगिता से प्रारंभ हुई। जिला स्तर पर चयनित होने के पश्चात उसे भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के दौरान, निर्धारित समयावधि में उसे ह्लस्मार्टसिटीह्वविषय पर एक एप्लीकेशन डिजाइन एवं विकसित करने का कार्य दिया गया। एश्वयर्या ने इस समय सीमा के भीतर एक वेब एप्लीकेशन तैयार की, जिसमें स्थानीय पर्यटन स्थलों, निकटवर्ती अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों तथा उनसे संपर्क करने की समस्त आवश्यक जानकारी को सुव्यवस्थित रूप से सम्मिलित किया गया। एश्वर्या के अनुसार उसका उद्देश्य केवल एक तकनीकी प्रोजेक्ट प्रस्तुत करना नहीं था, बल्कि ऐसा समाधान तैयार करना था जो वास्तविक जीवन में उपयोगी सिद्ध हो सके। उसके इस कार्य को सराहना मिली और स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इसी उपलब्धि के आधार पर एश्वसर्या को क्षेत्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ। एश्व र्या के मुताबिक इंडिया स्किल्स की यह पूरी यात्रा उसके लिए केवल एक तकनीकी प्रतियोगिता नहीं थी, बल्कि यह आत्मविश्वास, धैर्य और मानसिक दृढ़ता की भी परीक्षा थी। यह प्रतियोगिता उसके लिए एक ऐसा अवसर थी, जिसने उसे तकनीकी रूप से अधिक दक्ष और मानसिक रूप से अधिक परिपक्व बनाया। न्यू रामनगर आधारताल निवासी आशुतोष विश्वसकर्मा एवं श्रीमती भारती विश्वभकर्मा की सुपुत्री एश्व र्या को कक्षा नौवीं से ही प्रोग्रामिंग में विशेष रुचि रही है। एश्वरर्या ने अपनी स्कूली शिक्षा वाणिज्य संकाय से पूर्ण की, फिर भी अपने जुनून को पहचानते हुए उसने पॉलिटेक्निक में प्रवेश लेने का निर्णय लिया। यह निर्णय उसके जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ सिद्ध हुआ और यहीं से उसके सपनों को सही दिशा मिली। एश्व र्या बताती हैं कि यह उपलब्धि केवल एक पदक नहीं है बल्कि यह आत्मोविश्वास, परिश्रम और उन सभी लोगों के सहयोग का परिणाम है, जिन्होंने उस पर भरोसा किया। एश्वर्या ने कहा कि उसका लक्ष्य ऐसा सॉफ्टवेयर समाधान विकसित करना है जो देश की वास्तविक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सके।

# जबलपुर में ई-रिक्शा ने कार को पीछे से मारी टक्कर:कार सवार ने ई-रिक्शा चालक की चप्पलों से की पिटाई



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** जबलपुर के गोराबाजार क्षेत्र में रविवार शाम मारपीट की एक घटना सामने आई है। यहां एक कार चालक ने मामूली टक्कर के बाद ई-रिक्शा चालक की चप्पलों से जमकर पिटाई कर दी। घटना का वीडियो पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जो सोमवार को सोशल मीडिया पर सामने आया है। जानकारी के अनुसार रविवार शाम एक सफेद कार गोराबाजार इलाके से गुजर रही थी। इसी दौरान सामने से बस आने पर कार चालक ने अचानक वाहन को किनारे खड़ा कर दिया। पीछे से आ रहा ई-रिक्शा कार से टकरा गया। टक्कर के बाद कार चालक गाड़ी से नीचे उतरा और ई-रिक्शा चालक पर भड़क गया।

## ई-रिक्शा चालक के चेहरे पर चोट आई

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ई-रिक्शा चालक लगातार माफी मांगते हुए कह रहा था कि उसकी कोई गलती नहीं है, लेकिन कार चालक ने उसकी एक न सुनी और चप्पलों से उसकी पिटाई कर दी। इस दौरान ई-रिक्शा चालक के चेहरे पर चोट आई है। मौके पर मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप कर किसी तरह विवाद को शांत कराया, जिसके बाद दोनों पक्ष अपने-अपने रास्ते चले गए। मामला फिलहाल थाने तक नहीं पहुंचा है। पुलिस का कहना है कि यदि कोई शिकायत प्राप्त होती है तो मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# राज्यसभा सदस्य की गाड़ी को टक्कर मारने वाला पकड़ाया

## 9 दिन से दे रहा था चकमा, पुलिस लिखे स्टीकर से हुई पहचान, 40 कैमरे खंगाले

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** राज्यसभा सदस्य सुमित्रा वाल्मीकि की कार को टक्कर मारने वाले युवक को रांझी पुलिस ने एक मार्च को पकड़ लिया है। वह नौ दिन से पुलिस को चकमा दे रहा था। युवक ने 20 फरवरी को गोकलपुर के पास वाल्मीकि की गाड़ी को अपनी तेज रफ्तार कार से उस समय पीछे से टक्कर मार दी थी, जब वे अपने गनमैन और पीए के साथ अपने निवास रांझी जा रही थीं। घटना में कोई जनहानि तो नहीं हुई थी पर टक्कर के बाद से वाल्मीकि की तबीयत बिगड़ी हुई है। उनके ड्राइवर विलास सेन की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी। पुलिस ने गोकलपुर से रांझी के बीच के करीब 40 सीसीटीवी कैमरे खंगाल डाले पर कार की रफ्तार अधिक होने के कारण नंबर ट्रेस नहीं हुआ। हालांकि पीछे लगे पुलिस लिखे स्टीकर ने पुलिस की मदद की और चालक पकड़ा गया। **शादी समारोह से लौट रही थीं राज्यसभा सदस्य**– राज्यसभा सदस्य सुमित्रा वाल्मीकि 20 फरवरी की रात करीब 11 बजे अंधमूक बाइपास से कार क्रमांक टढ20-ऐ-7788 में सवार होकर रांझी अपने निवास जा रही थीं। रात करीब साढ़े 11 बजे जैसे ही उनकी कार गोकलपुर के पास पहुंची, तभी पीछे से आ रही सफेद कार ने टक्कर मार दी, जिससे राज्यसभा सदस्य की कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। अच्छी बात यह थी कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। **स्टीकर ने पुलिस को आरोपी तक पहुंचाया**– वाल्मीकि की कार को टक्कर मारने के बाद कार सवार चालक मौके से फरार हो गया। रफ्तार अधिक होने के कारण कार का नंबर भी चालक, गनमैन नहीं देख पाए। पुलिस ने 3 किलोमीटर के भीतर लगे 40 से अधिक कैमरे भी खंगाल डाले, पर रफ्तार अधिक होने के कारण नंबर ट्रेस नहीं हो पाया। पुलिस ने कार की 10 से अधिक फोटो लीं, जिनमें पुलिस लिखा स्टीकर लगा हुआ दिखा। रांझी सीएसपी सतीष साहू के साथ थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी और उनकी टीम ने रांझी, खमरिया में 20 से अधिक स्विफ्ट कार को तलाश डाला, पर सफलता हाथ नहीं लगी। टक्कर राज्यसभा सदस्य की कार को लगी थी, लिहाजा रांझी थाना पुलिस ने घटना को गंभीरता से लिया और लगातार अज्ञात कार की तलाश में जुटी रही।

गुलाल और फूलों से खेली होली, किडजी स्कूल में गीतों पर झूमे नन्हें कदम

# जबलपुर में बच्चों ने मनाई इको फ्रेंडली होली

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** जबलपुर के मदन महल स्थित किडजी स्कूल परिसर में सोमवार को इको फ्रेंडली होली समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और होली के लोकप्रिय गीतों पर थिरकते हुए खुशियां मनाई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और फूलों से होली खेली। पूरे परिसर में रंग, संगीत और मुस्कान का खुशनुमा माहौल देखा गया। स्कूल प्रबंधन ने इस आयोजन में इको फ्रेंडली होली पर विशेष जोर दिया। सेंटर हेड प्रिया कौर ने बताया कि होली से पहले आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित



और पर्यावरण अनुकूल तरीके से त्योहार मनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बच्चों को सावधानीपूर्वक होली खेलने और प्राकृतिक रंगों के उपयोग के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर डायरेक्टर मनजीत कौर सहित शिक्षकगण मैसा खालिक, नूर जहां, सुरभि यादव, तपोशी साहू, शीना भाटिया, काशिफा अंजुम और अलीशा पटेल उपस्थित रहीं। सभी शिक्षकों ने बच्चों के साथ रंगों की खुशियां साझा कीं और उन्हें सुरक्षित होली की शुभकामनाएं दीं।


म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद के आगामी चुनाव वर्ष 2026 में सदस्य पद हेतु आपकी
प्रथम वरीयता मत का आकांक्षी
गोपाल सिंह बघेल (अधिवक्ता)

म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
पता – हॉल नं 3 सीट नं 7 विधि भवन, म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
कार्यालय-निवास
कृष्णा कॉलोनी के पास राज परिसर सुहागी, जबलपुर (म.प्र.)
Mob.: 9229653295, 8989141208, 7987512717

V-eServices
CSC Service Provider
Vineet Sen 7724012477
Online Form: MP POLICE, MPPSC, UPSC, SSC, RAILWAY, BANK, COLLEGE, RTE SCHOOL, INDIAN ARMY, INDIAN NAVY, NDA, NEET
Document: जीएसटी, पासपोर्ट, ITR Returns, पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, श्रमिक कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, रोजगार पंजियन, उद्योग आधार, स्कॉलरशिप फार्म
E-CARD: WEDDING INVITATION, VIDEO, BANNER DESIGN, VISITING CARD, BIRTH DAY INVITATION, INAUGRATION, OTHER E-CARD
Quick Job Apply
सरकारी एवं प्रायवेट जॉब के नोटिफिकेशन पाने के लिए व्हाट्सएप चैनल Quick Job Apply से जुड़ें। जहां आपको प्रतिदिन जॉब के नोटिफिकेशन प्राप्त होंगे।
जॉब नोटिफिकेशन और फार्म अप्लाई करने का सबसे विश्वसनीय प्लेटफार्म
व्हाट्सएप के माध्यम से घर बैठे ही फार्म भरवायें और समय बचायें।

# होली मनाने अपने तीन साथियों के पास धनगवां जंगल पहुंचा एक हाथी हाथियों की संख्या हुई चार

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर। तीन हाथियों का समूह जहां आज 70 वें दिन वन परिक्षेत्र,थाना एवं तहसील जैतहरी के धनगवां बीट अंतर्गत जंगल में ठहरे हुए हैं वहीं सोमवार की सुबह एक बड़ा दो दांत वाला नर हाथी छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही से सीमा पार कर धनगवा के जंगल में अपने तीन साथियों के साथ होली मनाने के लिए पहुंचकर विश्राम कर रहा है। अब जिले में हाथियों की संख्या चार हो गई है।**



तीन हाथियों का समूह आज 70 में दिन अनूपपुर जिले के जैतहरी थाना,तहसील एवं वन परिक्षेत्र के अंतर्गत जंगल जो ग्राम पंचायत कुकुरगोंड़ा के बेल्हाटोला सरईहाटोला ग्राम पंचायत पड़रिया के छोई गांव के भलुवान टोला,गोंढाटोला ग्राम पंचायत क्योटार के कुशुमहाई गांव से लगे पाड़ाडोंल पटौरा एवं रोहिलाकछार के मध्य स्थित है में दिन में ठहर कर रात होते ही आहार की तलाश में जंगल से निकल कर ग्रामीणों के खेतों में लगे विभिन्न तरह की फसलों को अपना आहार बनाते हैं शनिवार एवं रविवार की रात तीनों हाथी जंगल से निकल कर ग्राम पंचायत कुकुरगोंड़ा के सरईहा टोला,बेल्हाटोला में गौशाला के पीछे स्थित रामेश्वर सिंह,बाबूलाल सिंह,लाल सिंह के खेतों में लगे मटर,अरहर की फसल को आहार बनाते हुए सोमवार की सुबह फिर से धनगवां बीट के बिहीडूंगरी नामक जंगल में ठहरे हुए हैं वही एक दो दांत वाला एक नर हाथी रविवार की सुबह छत्तीसगढ़ राज्य के वन मंडल एवं वन परिक्षेत्र मरवाही अंतर्गत गुल्लीडांड बीट के जंगल में दिनभर ठहरने बाद शाम होते ही मरवाही मुख्य मार्ग को पार कर कुम्हारी गांव के सोन नदी के बांध से चिचगोहना,मंजीत टोला घुसरिया गांव में शेर सिंह के खेत में लगे गेहूं की फसल को खाकर पडरी,पथर्री होते हुए वन बीट शिवनी के मालाडांड के पटौहा टोला में नीलम के खेत से होते हुए सोमवार की सुबह 2 बजे मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिला अंतर्गत वन परिक्षेत्र,थाना एवं तहसील जैतहरी के ग्राम पंचायत एवं ग्राम चोलना अंतर्गत मुदरी भरियाटोला से गूजरनाला पारकर चोलना गांव में बद्री केवट के बांडी में केला,गेहूं का कर गांव के किनारे से बचहाटोला गांव निवासी सुधार सिंह आर्मो के घर के पास पहुंच कर तेजी से भागते हुए ग्राम पंचायत कुकुरगोंड़ा के कुकुरगोंड़ा,बेल्हाटोला होते हुए सोमवार की सुबह धनगवां बीट के जंगल में पहुंचकर अपने तीन अन्य हाथी साथियों के साथ मिल गया है जो होली का त्योहार चारों हाथी आपस में मिलकर मनाएंगे अब अनूपपुर जिले में चार की संख्या में हाथियों का विचरण होगा यह अकेला हाथी रविवार से सोमवार की सुबह के मध्य लगभग 25 किलोमीटर का रास्ता हाथियों के आने जाने वाले मार्गो से गुजरता हुआ पहुंचा है।



## गंदगी फैलाने वालों पर 2000 की चालानी कार्रवाई, सामुदायिक शौचालय सुधार के सख्त निर्देश

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशा जितेंद्र भंडारी द्वारा आज न्यू बस स्टैंड बलपुरवा चौक क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड परिसर के मुख्य द्वार पर अव्यवस्थित रूप से खड़े ठेलों को तत्काल हटवाया गया, जिससे आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी। निरीक्षण के समय परिसर में गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए ?2000 की चालानी कार्रवाई की गई तथा जुमार्ना वसूला गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध निरंतर एवं कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। बस स्टैंड परिसर में निर्मित सामुदायिक शौचालय का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में साफ-सफाई एवं रखरखाव में गंभीर लापरवाही पाई गई। इस पर संबंधित केयरटेकर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए तथा दो दिवस के भीतर साफ-सफाई एवं आवश्यक मरम्मत कार्य पूर्ण करने के आदेश दिए गए। इसके अतिरिक्त बस स्टैंड परिसर में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, संपूर्ण परिसर की धुलाई कराने एवं खुली नालियों को कवर से ढकने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बस स्टैंड परिसर स्थित पार्क की जर्जर दीवारों के शीघ्र मरम्मत कार्य हेतु उपयंत्री श्री एस.एस. तोमर को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के नोडल प्रभारी पुनीत त्रिपाठी को निर्देशित किया गया कि शहर की समग्र सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित किया जाए, जिससे नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि नगर की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## सूने घर मे चोरो ने बोला धावा, पांच लाख का सामान नगद, जेवर पार, मामला दर्ज, पुलिस जांच में जुटी



**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल। रंगों के त्योहार होली से पहले जिले में चोरों ने आतंक मचा दिया है। देवलौंद और सीधी थाना क्षेत्रों में सूने पड़े मकानों को निशाना बनाते हुए बदमाशों ने लाखों रुपये के गहने और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। दोनों वारदातों में करीब सात लाख रुपये की चोरी हुई है।पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच तेज कर दी है, लेकिन त्योहार से पहले बढ़ती चोरी की घटनाओं ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है।**

पुलिस के अनुसार, देवलौंद थाना क्षेत्र के बुढ़वा मस्जिद के पास स्थित एक घर में चोरी की वारदात हुई। पीड़िता गुल्पशा बानो ने शिकायत में बताया कि वह अपने पति के साथ मायके गई हुई थीं। उनके पति कपड़े फेरी का काम करते हैं। घर में ताला लगा हुआ था, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने दरवाजा तोड़ दिया और अंदर घुस गए। अलमारी में रखे करीब तीन तोला सोना, चांदी के जेवरात, 70 हजार रुपये नकद और नई साड़ियों के दो बैग लेकर फरार हो गए। सुबह घर लौटने पर घटना की जानकारी हुई। पीड़िता के अनुसार लगभग पांच लाख रुपये की चोरी हुई है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही धरी नंबर दो स्थित एक ज्वेलरी दुकान में भी चोरी की वारदात सामने आई थी। वहीं सीधी थाना क्षेत्र के लपरी गांव में भी सूने घर को निशाना बनाया गया। जामवती अहिरवार अपने घर में ताला लगाकर बेटी के यहां गई थीं। इसी दौरान रात में चोरों ने खपड़ तोड़कर घर में प्रवेश किया और एक तोला सोना तथा करीब आधा किलो चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। सुबह पड़ोसियों ने फोन पर महिला को घटना की सूचना दी। इस वारदात में लगभग दो लाख रुपये के सामान की चोरी बताई जा रही है।लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पुलिस गश्त बढ़ाने और संदिग्धों से पूछताछ की बात कह रही है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण करते हुए ए ग्रेड मे आना सुनिश्चित करें । बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई,न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। कृशि विभाग व्दारा प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में नही किए जाने पर डी ग्रेड कि स्थिति होने पर कडी नाराजगी व्यक्त की। उन्होने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के लिए कार्य , गिरदावली के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए । उन्होने प्रधानमंत्री मान धन योजना के पंजीयन कराने, संबल योजना के 180 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का निराकरण करने, जिले मे फायर एनओसी की जांच करने, जिले में हो रहे अवैध अतिक्रमण पर समस्त एसडीएम को सख्त कार्यवाही करते हुए भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने , वन अधिकार पटटो का निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर ने संकल्प से समाधान के तहत प्राप्त होने वाले आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि आवेदनो को प्राप्त करने के साथ ही उसे निराकृत भी करें । सेक्टर आफीसर नियमित रूप से मानीटरिंग करें । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया,एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी, एसडीएम बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीएम पाली मीनाक्षी इंगले,डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज सहित अन्य जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वर्णप्राशन संस्कार, 226 बच्चों को पिलाई गई औषधि

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** आयुर्वेदिक परंपरा के अनुसार पुष्य नक्षत्र के शुभ अवसर पर जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में स्वर्णप्राशन संस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान 226 बच्चों को स्वर्ण भस्म युक्त औषधि का सेवन कराया गया। आयुष विभाग के चिकित्सकों ने बताया कि स्वर्णप्राशन एक प्राचीन आयुर्वेदिक प्रक्रिया है, जो बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, स्मरण शक्ति को सुदृढ़ करने तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक मानी जाती है। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों ने अभिभावकों को स्वर्णप्राशन के महत्व की जानकारी दी तथा नियमित रूप से प्रत्येक पुष्य नक्षत्र में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में बच्चों को लाने की अपील की।जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि यह कार्यक्रम 24 मार्च 2022 से निरंतर संचालित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को इसका लाभ मिल सके।

## ग्राम पंचायत में लटकता रहता है ताला विकास के नाम पर लाखों का गड़बड़ झाला




**दैनिक रेवांचल टाइम्स उमरिया।** जिले के पाली जनपद पंचायत की राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित ग्राम पंचायत घुनघुटी जो की सडक के किनारे बनी ग्राम पंचायत कार्यालय में सदैव ताला लटकता रहता है। जबकि पिछले दिनों जिले के अपर कलेक्टर और जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी अभय सिंह ओहरिया ने सभी निलंबित सचिवों को एक साथ बहाल करते हुए एक पंचायत एक सचिव की मंशा के तहत बहाल किया गया था, ताकि ग्राम पंचायत समय पर खुले और समय तक सचिव कार्यालय में बैठे, लेकिन जिला पंचायत के मुखिया की मंशा, आदेश का कहा कितना असर हुआ है, उसकी एक बानगी घुनघुटी ग्राम पंचायत में लटकता ताला बता रहा है। यहाँ पर जबसे विजय सिंह जी पदस्थ हुए हैं, तब से ताला लगाकर गायब हो गये हैं । कभी भी पंचायत भवन नहीं आते। उनके इस कृत्य से सभी परेशान है, सरपंच को भी काम पडता है तो उन्हें भी छोट तुमी की सैर करनी पडेगी। बताया जाता है कि विजय सिंह जी एक ऐसे सचिव है जिन्हें गोयरा ग्राम पंचायत में अनियमितता के लिए निलंबित किया गया था, लेकिन धन बल के कारण बिना नोटिस जारी किये ही बहाल करते हुए गोयरा की जगह घुनघुटी की कमान थमा दी गई। इस तरह पैसा दो बहाल हो और मनमानी ग्राम पंचायत में जाकर लाखों का वारा न्यारा करो, हमारा हिस्सा हिसाब हमें पहुचाओ का सूत्र जिला पंचायत में लागू हैं। हरदम निलंबन और बहाली जिला पंचायत की काली कमाई का जरिया बना हुआ है। जिले भर के भष्टाचारी सचिव बेधडक कार्यो के नाम पर लीपापोती कर लाखो रुपए शान से उठाते हैं और मन मर्जी का राज कायम कर रखे है, वह जिला पंचायत को म पर लीपापोती कर लाखो रुपए शान से उठाते हैं और मन मर्जी का राज कायम कर रखे है, वह जिला पंचायत के अधिकारियों और उनके आदेशों को कुतके में दे रखें है।

## रेलवे स्टेशन अनूपपुर में पार्किंग ठेकेदार द्वारा अवैध बेरीकेडिंग और वसूली पर रोक लगाने की मांग

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** रेलवे स्टेशन अनूपपुर परिक्षेत्र में अवैध रूप से बेरीकेडिंग लगाकर आम जनता को परेशान कर ठेकेदार के अपरिचित व्यक्तियों द्वारा की जा रही वसूली पर रोक लगाने की मांग पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष अनूपपुर जीवेन्द्र सिंह, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राम खेलावन राठौर एवं जनपद पंचायत जैतहरी के अध्यक्ष राजीव सिंह ने एम.पी.शर्मा मुख्य स्टेशन अधीक्षक अनूपपुर को डी.आर.एम. बिलासपुर, रएउफ (द.पू.म.रेलवे) के नाम पर सौंप कर किया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि अनूपपुर रेलवे स्टेशन के पार्किंग ठेकेदार के अज्ञात व्यक्तियों द्वारा दक्षिणी छोर पर अवैध रूप से वसूली किया जा रहा है, रेलवे द्वारा निर्धारित



पार्किंग स्थल के अलावा पूरे रेलवे परिक्षेत्र में बांस -बल्ली/बेरीकेट्स लगाकर अवरोध उत्पन्न किया गया है, दिव्यांग जनों के लिए बनाएं गए प्लेटफार्म नंबर 03और 04 की ओर जाने वाले रास्ते को भी बांस -बल्ली /बेरीकेट्स लगाकर अवरोध पैदा किया गया है। ठेकेदार द्वारा अनेकों अनजान व्यक्तियों को पार्किंग शुल्क वसूली हेतु लगाया गया है जिनके पास कोई भी वैद्य परिचय पत्र नही है और न ही पुलिस वेरिफिकेशन है। इन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा झुंड बनाकर रेलवे कैंपस में आम जनमानस को अनावश्यक परेशान करके डरा - धमकाकर पार्किंग शुल्क वसूली किया जा रहा है। क्या ठेकेदार को रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र में बेरीकेट्स लगाने का अधिकार है.....? बेरीकेडिंग रेलवे स्टेशन अनूपपुर जंक्शन के दोनों ओर अर्थात दक्षिणी छोर एवं मुख्य द्वार उत्तरी छोर में किया गया है। केवल पार्किंग स्थल पर ही शुल्क वसूली करने हेतु आदेशित किया जाए एवं वसूली करने वाले व्यक्तियों का पुलिस वेरिफिकेशन और परिचय पत्र अनिवार्य किया जाए। अवांछित तत्वों को स्टेशन परिसर में पार्किंग शुल्क वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए एवं ठेकेदार द्वारा लगाए गए बेरीकेडिंग को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए।

## वॉश ऑन व्हील सुविधाओं को सफाई मित्रो ने बनाया आय का जरिया, सेवा में जिला प्रदेश में चौथे स्थान पर

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** सफाई मित्रो को आत्मसम्मान एवं रोजगार उपलब्ध कराने के उदेश्य से शहडोल जिले में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति के निदेर्षानुसार वॉश ऑन व्हील की सुविधा संचालित है। वॉश ऑन व्हील सुविधा से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है बल्कि पंचायतें स्वच्छ हो रही है और सफाई मित्रो को सम्मानजनक रोजगार के अवसर पर सुनिश्चित किये जा रहें है। वॉश ऑन व्हील सुविधा से नागरिक वॉश ऑन व्हील ऐप के माध्यम से बुकिंग कर बेहतर सेवाएं प्राप्त कर रहे है। यह सेवा ग्रामीण अंचलों में घरेलू संस्थागत एवं सामुदायिक शौचालयों की साफ सफाई हेतु एक स्मार्ट आधुनिक एवं मांग आधारित समाधान प्रदान करती है । जिले में 05 ब्लाको से संबद्ध 29 क्लस्टर निर्माण करते हुए 815 ग्रामों को जोड़ा जा चुका है जिसमे ऑनबोर्ड 36 स्वच्छता साथियों में से 26 स्वच्छता साथियों को प्रशिक्षित करते हुए 23 सेक्टेरों में स्वच्छता साथियों को एलोकेट कर कार्य प्रारम्भ किया गया है। जिले को 29 सेक्टरों में विभाजित कर कार्य किया जा रहा है। स्वच्छता मित्र मुकेश समुंद्रे ने बताया कि जनपद पंचायत ब्यौहारी




अंतर्गत मुझे अभी तक वॉश ऑन व्हील सुविधा का लाभ लेने हेतु कुल 154 ऑनलाइन बुकिंग प्राप्त हुई, जिसमें मुझे 21050 रुपए की आय अर्जित हुई है। वॉश ऑन व्हील सुविधा से न केवल स्वच्छता की अलख जगा रहा बल्कि हम जैसे सफाई मित्रो को सम्माजनक रोजगार मिला है। उन्होंने इसके जिले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## मरदरी गौशाला शारदा स्वसहायता के लापरवाही से गाय की हुई मौत



**दैनिक रेवांचल टाइम्स उमरिया।** करकेली जनपद अंतर्गत ग्राम मरदरी में शारदा स्वसहायता समूह के लापरवाही से गाय की मौत आपको बता दे कि ऐसे लापरवाही कई बार गौशाला का सामने आया है। गौशाला संचालक से जानकारी में बताया कि पंचायत सीईओ का गौशाला में आगमन होना था लेकिन रविवार होने के कारण नहीं आ पाए वही 1 बजे के लगभग गाए की किन परिस्थितियों में मौत हुआ है, समूह को कोई जानकारी नहीं है ऐसे पड़ा रहा गाय का मृत शरीर यह एक बड़ा सवाल है। इन सभी बातों को लेकर सीईओ साहब, और कलेक्टर साहब को फोन कॉल पर जानकारी लेने की कोशिश किया गया लेकिन शायद रविवार होने के कारण कॉल रिसीव नहीं किया गया। वही ऐसा मामला कई बार सामने आया है गौशाला के शुरूआती दिनों में क्षेत्र के जनपद सदस्य द्वारा भी लापरवाही को लेकर जानकारी दिया गया था। पशु विभाग के क्रूरता के कारण पशु विभाग के उपसंचालक द्वारा साफ कह दिया गया मै कुछ नहीं जानता आज रविवार है कोई बात नहीं होगा चाहो तो कलेक्टर से बात करो या मुख्यमंत्री से इस प्रकार संचालक के रवैया से पशु विभाग और पशु चिकित्सा राम भरोसे चल रहा है। गऊ माता के लिए सरकार एवं कई संस्था काम कर रहे है और कलेक्टर के निदेर्शों के बाद कोई जवाब देही नहीं है, उन संस्थाओं के मुंह में तमाचा है जो गाय के सुरक्षा और सेवा के लिए हमेशा सजग रहते है। समूह संचालक, मुनिराज सिंह अध्यक्ष देववती सिंह चमेला बाई कोषाध्यक्ष गुड़िया बाई और सभी सदस्य पर बड़ा सवाल ऐसे समूह की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं करना चाहिए, समूह को ब्लैकलिस्ट कर देना चाहिए।

## नगर में बढ़ी अचानक गर्मी, 34 डिग्री तक पहुंचा पारा, रात में रहती है गुलाबी ठंड



**अनूपपुर/कोतमा ।** पिछले कुछ दिनों से तापमान में काफी उछाल आ गया है जिससे दिन के समय अब गर्मी का एहसास होने लगा है। घर से बाहर निकलने से अब धूप चहरे पर झुलसने लगी है नगर में रविवार को तापमान 34 डिग्री के आसपास अधिकतम दर्ज किया गया। इन दिनों कुछ देर धूप में रहने पर चुभन का एहसास होने लगा है मार्च की शुरूआत में जहां गर्मी प्रारंभ हो गई है वहीं रात को अभी भी ठंडक महसूस हो रही है। होली का पर्व के साथ ही वातावरण में गर्माहट का एहसास होने लगा है। जानकारों का कहना है कि अब धीरे-धीरे तापमान में और बढ़ोत्तरी होगी। मार्च अंतिम या अप्रैल के प्रथम वीक से लू चलना प्रारंभ हो जाएगी। गर्मी प्रारंभ होने से अब लोगों के गले सूखने लगे हैं और दिन में तेज प्यास सताने लगी है। "बदलते मौसम के इस दौर में प्रकृति हमें सचेत कर रही है कि हम अपनी जीवनशैली को ऋतु के अनुकूल ढालें, ताकि स्वास्थ्य की रक्षा हो सके।" डॉक्टर पाठक का कहना है कि गर्मी की शुरूआत होने लगी है धूप से बचने की जरूरत है पानी अधिक से अधिक पिए शरीर को धूप से बचाकर रखें। खान पान में तले हुए पदार्थ का सेवन ना के बराबर करें। ताकि लोगों को डिहाइड्रेशन जैसी परिस्थितियों का सामना न करना पड़े। विशेषज्ञों के अनुसार, अचानक बढ़ी इस तपन से बचने के लिए सूती कपड़ों का प्रयोग और तरल पदार्थों का अधिक सेवन सबसे सुरक्षित उपाय है। दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच सीधी धूप में निकलने से बचें और यदि निकलना अनिवार्य हो तो सिर को कपड़े या छाते से ढककर रखें।

## संपादकीय

# खामेनेई खत्म, महायुद्ध जारी

ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई मार दिए गए। अमरीका-इजरायल ने एक हमले में उस परिसर पर एक साथ 30 विनाशक बम बरसाए, जहां खामेनेई और उनका परिवार रहते थे। खामेनेई सेफ बंकर में बताए जा रहे थे, लेकिन बम का बारूद वहां तक भी पहुंच गया। परिसर तबाह होकर मिट्टी-मलबा हो गया। खामेनेई कैसे बच सकते थे? उनके परिवार में बहू, दामाद और एक पौत्री भी विनाशक बम के शिकार हो गए। यही नहीं, मानवतावादी संगठन ईरानियन रेड क्रीसेंट की रपट में खुलासा किया गया है कि ईरान में 201 लोगों की मौत हो चुकी है और 747 घायल हैं। यकीनन यह नरसंहार से भी बढ़ कर सामूहिक कत्लेआम है। ईरान के 31 प्रांतों में से 24 प्रांत युद्ध से प्रभावित हैं। ये आंकड़े बढ़ना तय है, क्योंकि युद्ध अभी जारी है। खामेनेई की मौत के बाद ईरान ने हमले बहुत तेज कर दिए हैं। इजरायल की राजधानी तेल अवीव में सेना के स्टाफ मुख्यालय पर मिसाइल हमला किया गया है। करीब 3 लाख लोग इजरायल में बंकरों में छिपे हैं। यह युद्ध आपसी नफरत और अस्तित्व को मिटा देने की सनक में शुरू किया गया है। खामेनेई की मौत के बावजूद ईरान की हुकूमत यथावत है। खामेनेई के बेटे मोजतबा को ईरान का नया सुप्रीम लीडर घोषित भी कर दिया गया है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने कुरान का हवाला देते हुए खामेनेई की मौत का बदला लेने की कसम खाई है। ईरान में 40 दिन का मातम है। लोग रोते-बिलखते नारे लगा रहे हैं-लड़ेंगे, मरेंगे, लेकिन सरेंडर नहीं करेंगे। बहरहाल ईरान में जब तक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के लड़ाके जिंदा हैं और युद्धरत हैं, तब तक यह जंग खत्म नहीं हो सकती। यह एक स्वघोषित शांतिदूत द्वारा थोपे गए महायुद्ध का अभी तक का निष्कर्ष है, जो आंशिक है। क्या युद्ध भी कोई शांति-प्रयास हो सकता है? दरअसल जब से ट्रंप अमरीका के राष्ट्रपति चुने गए हैं और वह व्हाइट हाउस में आए हैं, तभी से दुनिया में युद्ध भडक रहे हैं, बल्कि फैल रहे हैं। इतना ही नहीं, अमरीका बनाम यूरोप और अमरीका बनाम नाटो के तौर पर तीखे तनाव भी सामने आए हैं। हास्यास्पद् है कि राष्ट्रपति ट्रंप लगातार दावे करते रहे हैं कि उन्होंने 8 युद्ध रुकवाए हैं। उनमें वह भारत-पाक युद्ध को भी गिनवाते हैं, जो सफेद झूठ है, तथ्यों से परे है। रूस-यूक्रेन युद्ध चार साल के बाद भी जारी है, जिसे एक माह में खत्म करने के आश्वासन पर ट्रंप ने अमरीकी जनमत का जुगाड़ किया था। अब अमरीका ने इजरायल के साथ ईरान पर महायुद्ध थोपा है, क्योंकि राष्ट्रपति ट्रंप ईरान में परमाणु कार्यक्रम के खिलाफ हैं। ईरान की कथित तानाशाह और क्रूर हुकूमत को बदलना चाहते हैं। क्या राष्ट्रपति ट्रंप दुनिया भर के ठेकेदार हैं, जो दुनिया को अपनी उंगलियों पर नचाना चाहते हैं? क्या विश्व में अब संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और सीमाओं की गरिमा शेष नहीं बची है? क्या संयुक्त राष्ट्र, सुरक्षा परिषद और संबद्ध एजेंसियों की प्रासंगिकता भी समाप्त हो चुकी है? ईरान की नाकेबंदी के लिए राष्ट्रपति ट्रंप ने करीब 50 फीसदी वायुसेना और नौसेना को मध्य-पूर्व में तैनात कराया है। युद्ध की शुरूआत ही 200 लड़ाकू विमानों के हमलों के साथ की गई और ईरान के प्रमुख शहरों में तबाही मचा दी। इजरायल ने ईरान के मिनाब शहर के एक स्कूल पर ऐसा मिसाइल हमला किया कि उसमें 148 मासूम छात्राओं की मौत हो गई। क्या यह शांति का कोई नया महायुद्ध है? खाड़ी देशों में करीब 1 करोड़ भारतीय बसे और काम कर रहे हैं। ईरान ने सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, बहरीन, जॉर्डन, कुवैत, इराक और दुबई पर लगातार हमले कर खाड़ी देशों के समीकरण को बिगाड़ दिया है। ईरान ने होर्मुज के उस संकरे रास्ते को भी बंद कर दिया है, जिससे 20 फीसदी तेल दुनिया के देशों में जाता है। भारत में करीब 90 फीसदी तेल, करीब 55 लाख बैरल प्रतिदिन, इसी रास्ते से आता है। यदि युद्ध के कारण यह रास्ता कुछ और दिन बंद रहा, तो विश्व में तेल और गैस के लिए हाहाकार मचने लगेगा, लिहाजा फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, कोलंबिया ने हमले की कटु आलोचना की है और युद्ध रोकने को ट्रंप से अपील की है। क्या युद्ध यहीं रुक सकता है? खाड़ी देशों में बसे प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा के लिए भारत को पुख्ता व्यवस्था करनी चाहिए। अगर यह लड़ाई लंबी खिंचती है, तो सभी का कुछ न कुछ नुकसान तो अवश्य ही होगा। युद्ध में दोनों पक्षों को नुकसान होता है, इसलिए बेहतर यही रहेगा कि जल्द से जल्द इस लड़ाई को रोक दिया जाए और बातचीत के जरिए मसला हल किया जाए।

# ईरान और इजराइल-अमरीका युद्ध से चिंताएं

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय भारत पूरी दुनिया में मुक्त व्यापार की तरफ तेजी से आगे बढ़ा है। पिछले कुछ सालों में भारत द्विपक्षीय व्यापार और मुक्त व्यापार समझौतों से दुनिया के कई विकसित देशों में निर्यात बढ़ाने की राह पर आगे बढ़ा है और इस वर्ष यूरोपीय संघ, ब्रिटेन सहित कई देशों के साथ एफटीए क्रियान्वित करते दिखाई देगा। 28 फरवरी को इजराइल-अमेरिका के द्वारा ईरान पर हमले और उसके बाद ईरान के द्वारा इजरायल व अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर हमलों से निर्मित युद्ध ने दुनिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। खास तौर से इस युद्ध में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई के मारे जाने के बाद जहां ईरानी सेना ने इजराइल-अमेरिका से इसका पूरा बदला लेने और इजराइल-अमेरिका के द्वारा ईरान को पूरी तरह से कमजोर किए जाने के वक्तव्यों से इस युद्ध के लंबा खींचने की आशंका बढ़ गई है। ऐसे में भारत की भी चिंताएं बढ़ सकती हैं। ये चिंताएं कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढ?, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से बासमती चावल, चाय, मशीनरी, इस्पात तथा फुटवियर जैसे क्षेत्रों में निर्यात, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि, पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा की चिंता तथा इजराइल और ईरान के सहित पश्चिम एशिया के अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी की आशंकाओं से संबंधित हैं। उल्लेखनीय है कि ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच युद्ध का असर वैश्विक शिपिंग रूट्स पर भी पड़ सकता है, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य पर। ईरान ने 33 किलोमीटर चौड़ा यह जल मार्ग रोक दिया है।



यह वैश्विक यातायात का एक अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है। दुनिया को मिलने वाला करीब एक-तिहाई तेल और खाद्य व कृषि उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है। ऐसे में इस क्षेत्र में शिपिंग बाधित होने से कच्चे तेल की ग्लोबल सप्लाई चेन प्रभावित हो सकती है।

साथ ही इससे खाद्य पदार्थों, जैसे कि गेहूं, चीनी और अन्य कृषि उत्पादों की कीमतें बढ? लगेंगी। चूंकि भौगोलिक रूप से ईरान भारत का पड़ोसी क्षेत्र है और कच्चे तेल के लिहाज से भारत का करीब आधा कच्चा तेल इसी रास्ते से होकर आता है, ऐसे में यह युद्ध भारत के लिए कच्चे तेल संबंधी चिंता निर्मित करते हुए दिखाई दे रहा है। चूंकि भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों के करीब 85 फीसदी तक आयात पर निर्भर है, अतएव कच्चे तेल के दाम में बढ़ोतरी भारत के आयात बिल की चिंता बढ़ा सकती है। स्थिति यह है कि युद्ध के तनाव के बीच 28 फरवरी को कच्चे तेल की कीमत 73 डॉलर प्रति बैरल के मूल्य स्तर पर पहुंच गई, जो सात माह का रिकॉर्ड मूल्य स्तर है। युद्ध के लंबा खींचने पर कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती है। ईरान दुनिया के सबसे बड़े कच्चा तेल उत्पादकों में से एक है और यह देश युद्धग्रस्त देश है। ऐसे में ईरान के तेल बाजार में अस्थिरता से कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ? पर पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे। इसका असर भारत पर भी हो सकता है। इस युद्ध से वैश्विक शेयर बाजार के साथ-साथ भारत के शेयर बाजार पर भी बड़ा असर पड? की आशंका है। इस युद्ध से भारत के शेयर बाजार में बड़ी संख्या में विदेशी निवेशकों के द्वारा जोखिम वाली संपत्तियां बेची जाने और बड़ी संख्या में निवेश निकालने की स्थिति दिखाई दे सकती है। सेंसेक्स और निफ्टी के लिए मार्च 2026 बड़ी गिरावट का माह होगा। इस युद्ध के कारण निवेशक तेजी से सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीदी का भी रुख करते हुए दिखाई देंगे। इससे वैश्विक स्तर के साथ-साथ भारत में भी सोने की खपत और सोने की कीमत और तेजी से बढ़ेगी। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच युद्ध के लंबा खिंचे जाने पर पश्चिम एशिया में रहने वाले करीब 90 लाख भारतीयों की सुरक्षा भी भारत के लिए चिंता का कारण बन सकती है। इस युद्ध का प्रभाव भारत के वित्तीय बाजार पर भी पड़ सकता है और भारतीय रुपया कमजोर भी हो सकता है।

लेकिन ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध के बीच भारत के कई ऐसे मजबूत आर्थिक पक्ष हैं, जिनसे भारत के आम आदमी और भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक नुकसान नहीं होगा। खास बात यह है कि इस समय भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। भारत खाद्यान्न अतिशेष वाला देश है और देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। वर्ष 2025 में भारत में 35.70 करोड़ टन खाद्यान्न का उत्पादन हुआ था और इस वर्ष 2026 में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन की संभावना है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास केंद्रीय पूल में इस समय लगभग 182 लाख टन गेहूं उपलब्ध होने का अनुमान है। इसी तरह इस वित्त वर्ष 2025-26 के लिए निजी कंपनियों और व्यापारियों के पास लगभग 75 लाख टन गेहूं का स्टॉक मौजूद है। यह पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में करीब 32 लाख टन ज्यादा है। यह भी महत्वपूर्ण है कि रबी सीजन 2026 में गेहूं की बुवाई का रकबा बढकर 334.17 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो पिछले साल 328.04 लाख हेक्टेयर था। एक खास बात यह है कि भारत में महंगाई नियंत्रित है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। महंगाई दर 4 प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर जनवरी 2026 में 1.81 प्रतिशत पर रही है। इसी तरह उपभोक्ता महंगाई दर 2.75 प्रतिशत रही है। भारत में महंगाई रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्धारित लक्ष्य से भी कम है। निश्चित रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। यदि युद्ध से जरूरी दवाइयों की आपूर्ति में कोई कमी आती है, तो सरकार पीएलआई योजना के तहत दवाई उद्योग में काम आने वाले 35 प्रमुख कच्चे मालों (एपीआई) का उत्पादन देश में ही तेजी से बढ़ाते हुए दिखाई दे सकेगी। इससे दवाइयों के दामों पर नियंत्रण रखा जा सकेगा। इस युद्ध के चलते वैश्विक तेल की कीमतों में आए उछाल पर भारत कच्चे तेल के किसी भी संकट से निपटने में सक्षम होगा। इस समय भारत के पास 74 दिनों की रणनीतिक कच्चा तेल भंडार उपलब्ध है। पहले भारत 27 देशों से कच्चा तेल खरीदता था, अब इन देशों की संख्या बढकर 39 हो गई है। इससे कुछ ही देशों से तेल खरीदने संबंधी जोखिम कम हो गई है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के बजट के तहत शीघ्र खराब होने वाले सामान की बाजार में समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने, महंगाई नियंत्रण और जरूरी दवाइयों की किफायती दाम पर आपूर्ति के लिए जो प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, वे युद्ध की चुनौती के बीच भारत के आम आदमी को राहत देते हुए दिखाई दे सकेंगी।

यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। साथ ही ग्रामीण भारत की आर्थिकी भारत की शक्ति बनी हुई है। 27 फरवरी को भारत ने वित्त वर्ष 2022-23 को आधार वर्ष बनाकर जो नई राष्ट्रीय आय श्रृंखला जारी की है, इसके आधार पर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में अर्थव्यवस्था की वास्तविक वृद्धि दर 7.6 फीसदी तक पहुंचने का अनुमान है जो बीते तीन वित्त वर्षों में सबसे अधिक वृद्धि है। साथ ही भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की दूसरी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में सबसे तेजी से बढ? वाली अर्थव्यवस्था बनी हुई है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय भारत पूरी दुनिया में मुक्त व्यापार की तरफ तेजी से आगे बढ़ा है। पिछले कुछ सालों में भारत द्विपक्षीय व्यापार और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) से दुनिया के कई विकसित देशों में निर्यात बढ़ाने की राह पर आगे बढ़ा है और इस वर्ष 2026 में भारत यूरोपीय संघ, ब्रिटेन सहित कई देशों के साथ एफटीए क्रियान्वित करते हुए दिखाई देगा। इससे भारत के सामानों के लिए दुनिया के बाजारों में निर्यात पहुंच और बढ़ेगी तथा युद्ध की चुनौती के बीच भी भारत निर्यात के मोर्चे पर मजबूत बना हुआ होगा।

## राशिफल

**मेष राशि :-** विशेष कार्य स्थिगित रखें, लेन-देन के मामले में हानि तथा चिन्ता होगी।

**वृष राशि :-** विवादग्रस्त होने से बचें, क्लेश होगा, हानि होने की संभावना ध्यान दें।

**मिथुन राशि :-** व्यग्रता असमंजस में रखे, विषय व्यवस्था से बचने की चेष्टा अवश्य करेंगे।

**कर्क राशि :-** स्त्री भोग-ऐश्वर्य की प्राप्ति तथा सुख-समृद्धि के साधन अवश्य बनेंगे।

**सिंह राशि :-** समय और धन नष्ट न हो, क्लशे व अशांति, विघटनकारी तत्व परेशान करेंगे।

**कन्या राशि :-** नवीन योजना फलप्रद होगी, भावनायें संवेदनशील बनी रहेंगी ध्यान दें।

**तुला राशि :-** धन के व्यर्थ व्यय से बचें, कार्य कुशलता से संतोष होगा, मनोबल बढ़ेगा।

**वृश्चिक राशि :-** भाग्य का सितारा साथ देगा, समय अनुकूल नहीं कार्य स्थिगित रखें।

**धनु राशि :-** अधिकारियों का समर्थन फलप्रद होगा, व्यवसायिक क्षमता में वृद्धि होगी।

**मकर राशि :-** मान-प्रतिष्ठा बाल-बाल बचे, कार्य कुशलता से संतोष होगा।

**कुंभ राशि :-** इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे तथा भाग्य का सितारा प्रबल अवश्य होगा।

**मीन राशि :-** मनोबल उत्साहवर्धक होगा तथा कार्य कुशलता से संतोष बना रहेगा।

# होली पर रंगों से बालों को बचाने के सुपर-हिट टिप्स

होली के केमिकल वाले रंग बालों को रूखा और बेजान बना सकते हैं, जिससे हेयरफॉल की समस्या बढ़ जाती है। इस परेशानी से बचने के लिए आप टाइट ब्रेडेड बन, स्कार्फ के साथ टोपी या हाई बन टर्बन जैसे स्टाइलिश हेयरस्टाइल अपना सकती हैं, जो बालों को सुरक्षित रखने के साथ आपको क्लासी लुक भी देंगे।



होली रंगों और खुशियों का त्योहार है। पूरे देशभर में इस पर्व को उत्साह के साथ मनाया जाता है। होली खेलते समय हम सभी इतने मगन हो जाते हैं कि खुद का ध्यान रखना भूल ही जाते है। होली खेलने से पहले स्किन केयर तो कर लेते हैं, लेकिन बालों का देखभाल तो भूल ही जाते है। होली खेलते वक्त सबसे ज्यादा रंग बालों में ही जाता है। गौरतलब है कि बाजार में मिलने वाले कई रंगों में केमिकल होता है, जो आपके बालों को भी खराब कर सकते हैं।

जब रंग बालों के स्कैल्प तक आ जाता है, तो इसे साफ करना काफी मुश्किल होता है। जब आप बार-बार शैंपू या फिर साबुन से बाल धोती है, तो आपके बाल टूटने लगते हैं। रंगों के कारण बाल सूखे और बेजान लगने लगते हैं। अगर आप होली के दौरान कुछ खास हेयरस्टाइल बनाएंगी, तो आपको दिक्कत बिल्कुल भी नहीं होगी। इस लेख में हम आपके लिए होली पार्टी में शामिल होने के लिए खास हेयरस्टाइल लेकर आए हैं।

### टाइट ब्रेडेड बन पर स्कार्फ

अपने बालों को पूरी तरह से रंगों से बचाना चाहती हैं, तो आप लंबे बालों को पहले जूड़ा बना लें। इसको अच्छे से सेट करने के बाद, रबड व पिन की मदद से टाइट कर लें, जिससे आपके बाल खुले नहीं।

- स्टाइल देने के लिए आप थोड़े बाल आगे से निकाल सकते हैं, उसके बाद ऊपर से स्कार्फ बांध लें।
- इससे लुक एलीगेंट और फेस्टिव स्पेशल नजर आता है।

### टोपी के साथ स्कार्फ बांधे

अगर आप यह हेयरस्टाइल बनाएंगे तो स्कार्फ के कारण आपके बाल बार-बार खुलेंगे नहीं। टोपी के कारण स्कार्फ एक ही जगह पर टिका रहता है। आप टोपी के अंदर पोनीस्टेल स्टाइल भी बना सकती हैं। आप चाहे तो स्कार्फ को बालों की लंबाई जितना खुला छोड़ दें और इसके ऊपर टोपी पहन लें। यह हेयरस्टाइल आपके होली लुक को एकदम मस्त बनाएगा।

### हाई बन टर्बन हेयस्टाइल विमेन

अगर आप होली पर अपने बालों को सुरक्षित रखते हुए एक स्टाइलिश और क्लासी लुक पाना चाहती हैं, तो यह हेयर स्टाइल आपके लिए बेहतरीन विकल्प है। इस लुक को और आकर्षक बनाने के लिए आप एलीगेंट और सलीकेदार कपड़े पहन सकती हैं, जो आपके पूरे अंदाज को निखार देंगे। इसे बनाने के लिए स्कार्फ को टर्बन की तरह सिर पर अच्छे से बांध लें। इससे बाल पूरी तरह ढके रहते हैं और रंगों से काफी हद तक सुरक्षित रहते हैं। खासतौर पर अगर आप सूखी होली खेल रही हैं, तो यह स्टाइल आपको जरूर पसंद आएगा।

## होली पार्टी में कुछ अलग लुक

इस बार 04 मार्च 2026 को होली का पर्व मनाया जा रहा है। यह एक ऐसा पर्व है, जिसका सभी को पूरे साल इंतजार रहते हैं। जैसे-जैसे होली का दिन पास आता है, लोगों का उत्साह बढ़ने लगता है। बच्चे हों या बड़े, होली का पर्व सबसे लिए खास होता है। क्योंकि इसमें सभी लोगों को एक बार फिर मस्ती करने और बचपन के दौर में जीने का मौका मिलता है। बाजार में महीनों पहले से ही रंग, गुलाल और पिचकारियां मिलने लगती हैं। हर ओर बस होली की ही बातें सुनाई देती हैं।

होली के मौके पर ऑफिस से लेकर सोसाइटी तक हर जगह पर होली पार्टी का आयोजन किया जाता है। होली पार्टी में लोग एक से बढ़कर एक लुक लेकर आते हैं और होली खेलते हैं। ऐसे में अगर आप भी इस बार होली पार्टी में जाने वाली हैं और होली पार्टी में कुछ अलग लुक पाना चाहती हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको होली के पर्व पर पहनने के लिए कुछ अच्छे आउटफिट आइडिया के बारे में बताने जा रहे हैं।

टी-शर्ट डिजाइन

होली के मौके पर आपको मार्केट से लेकर ऑनलाइन वेबसाइट तक



हर जगह होली टी-शर्ट डिजाइन मिल जाएंगे। आप दोस्तों के साथ ग्रुप टी शर्ट पहन सकती हैं। वहीं अगर आप आरामदायक टी-शर्ट पहनना चाहती हैं, तो आपको ओवरसाइट टी-शर्ट पहन सकती हैं। होली के लिए ढीली और आरामदायक टी-शर्ट काफी सही होती हैं। आप चाहें तो फुल स्लीव टी-शर्ट भी पहन सकती हैं। इससे आपके हाथ कलर से बच जाएंगे।

महिलाएं होली में पतले कपड़े पहनने से बचें, क्योंकि पानी पड़ने पर या पारदर्शी हो सकते हैं।

### फ्लोरल प्रिंट सूट

होली पर आप फ्लोरल प्रिंट डिजाइन वाले सूट भी पहन सकती हैं। यह आपको क्लासी लुक देता है और फोटो भी अच्छी आती है। अगर आप सिंपल चाहती हैं, तो आप वाइट सूट के साथ कलरफुल दुपट्टा भी कैरी कर सकती हैं। एलिगेंट और ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए महिलाएं फ्लोरल प्रिंट वाले सूट पहनती हैं। इस सूट की यह खासियत होती है कि यह पहले से ही रंग-बिरंगे होते हैं।

### कलरफुल सारी

होली के पर्व पर कई महिलाएं साड़ी पहनना भी पसंद करती हैं। लेकिन जिन महिलाओं को साड़ी पहनने में परेशानी होती है, वह रेडी टू वियर साड़ी भी पहन सकती हैं। आपको मार्केट में सफेद साड़ी पर छींटे वाले डिजाइन या फिर फूलों के पत्ते वाली डिजाइन वाली साड़ियां मिल जाएंगी। इससे आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा।

# चंद्र ग्रहण और भद्रा ने बढ़ाया कन्फ्यूजन, कब खेल पाएंगे रंगों का त्योहार



होली 2026 की तारीखों पर चंद्र ग्रहण और भद्रा के कारण बने भ्रम को दूर करते हुए जानें कि होलिका दहन 2 मार्च को शुभ मुहूर्त में किया जाएगा, जबकि चंद्र ग्रहण के सूतक काल के कारण रंगों का त्योहार 4 मार्च को मनाया जाएगा।

होली खेलने के लिए हर कोई बेताब बैठा है, लेकिन इस साल इसका मजा फीका पड़ता दिखाई दे रहा है क्योंकि चंद्र ग्रहण ने सबको कन्फ्यूज कर दिया है कि होलिका दहन कब किया जाएगा और फिर रंगों वाली होली कब खेली जाएगी। अगर आप भी इसी बात को लेकर परेशान हैं, तो टेंशन छोड़िए और हमारा यह आर्टिकल पढ़िए।

**3 मार्च को सूतक काल के कारण इस दिन खेली जाएगी होली**

अब बात करते हैं रंगों की, पंचांग के अनुसार 3 मार्च की शाम तक पूर्णिमा है, लेकिन इसी दिन चंद्र ग्रहण का साया भी है। यह ग्रहण दोपहर 3:20 बजे से शुरू हो जाएगा और भारत में दिखने के कारण इसका सूतक काल भी माना जाएगा। चूंकि रंगों वाली होली (धुलंडी) चैत्र महीने की प्रतिपदा को मनाई जाती है, इसलिए इस साल रंगोत्सव 4 मार्च को मनाया जाएगा।

**सकारात्मकता के लिए राधा-कृष्ण और शिव-शक्ति को अर्पित करें गुलाल**

होली पर पूजा-पाठ का भी अपना ही क्रेज है। इस दिन राधा-कृष्ण, भगवान शिव और माता लक्ष्मी की पूजा करना बहुत अच्छा माना जाता है। आप पूजा में गुलाल, रंग, ताजे फूल और मिठाइयां चढ़ा सकते हैं। माना जाता है कि ऐसा करने से घर में सुख-शांति और पॉजिटिविटी बनी रहती है।

आज ही बनाएं अपनी खुद की न्यूज वेबसाइट
NEW WEBSITE
बने न्यूज वेबसाइट के मालिक..
NEWS
संपर्क करें 7415685293

व्यापारी बोले -पानी हमारा, सफाई हमारी... फिर गेट पर पैसे किस बात के?"

# मंडी में वसूली का खेल, व्यवस्थाओं पर ताला?







**विनोद दुबे जिला ब्यूरो**

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी। कृषि उपज मंडी समिति सिवनी में इन दिनों व्यवस्थाओं से ज्यादा वसूली चर्चा में है। मंडी से माल खरीदकर निकलने वाले व्यापारियों और वाहनों से नियमित रूप से 10-20 रुपये की वसूली तो की जा रही है, लेकिन बदले में सुविधाओं का हाल बदहाल बताया जा रहा है।**

## सड़कें जर्जर, किसान असहाय

सूत्रों के अनुसार, मंडी के प्रवेश मार्ग से लेकर दुकानों तक सड़कें उखड़ी और अव्यवस्थित हैं। बारिश में कीचड़ और धूल भरे वातावरण में किसानों और व्यापारियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। किसानों के लिए निर्धारित स्थानों पर अन्य गतिविधियां संचालित होने की शिकायतें भी सामने आई हैं।

## नियम मानो तो परेशान हो जाओ

व्यापारियों का आरोप है कि जो लोग नियमों का पालन करते हैं, वही सबसे ज्यादा परेशान हैं, जबकि कुछ प्रभावशाली लोगों को खुली छूट मिली हुई है।

## व्यापारी खुद करा रहे सफाई

मंडी में दुकान संचालित करने वाले व्यापारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया- हम सभी व्यापारी 10-10 रुपये चंदा कर सप्ताह में एक दिन सफाई करवाते हैं। पानी की व्यवस्था भी हम खुद करते हैं। जब सफाई और पानी की जिम्मेदारी हमारी है, तो फिर गेट पर पैसे किस बात के लिए लिए जाते हैं? स्थिति यह है कि मंडी के पेशाबघर पर दोपहर 12 बजे ताला लग जाता है। जिन किसानों का माल नहीं बिक पाता, उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ता है और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में भारी असुविधा झेलनी पड़ती है।

## सचिव को देखा तक नहीं?

मंडी परिसर में चर्चा के दौरान कई व्यापारियों ने यह भी दावा किया कि उन्होंने अब तक मंडी सचिव को कभी प्रत्यक्ष रूप से मंडी में देखा ही नहीं है। उनका कहना है कि यदि सचिव नियमित रूप से मंडी का निरीक्षण करते, तो इतनी अव्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं होती।

## जवाबदेही तय कब होगी?

अब सवाल उठ रहा है कि- गेट शुल्क की राशि किस मद में खर्च हो रही है? सड़क, पानी, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं क्यों बदहाल हैं? सचिव का नियमित निरीक्षण क्यों नहीं हो रहा? यदि शीघ्र ही व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ, तो व्यापारी और किसान आंदोलन का रास्ता भी अपना सकते हैं। मंडी किसानों की जीवनरेखा है, न कि केवल वसूली का केंद्र - प्रशासन को अब जवाब देना ही होगा।

2 मार्च को ऑफिस, अब सीधा

## शुक्रवार को खुलेंगे कार्यालय कर्मचारियों के लिए लंबी होली की छुट्टियां, दफ्तरों में सन्नाटा तय




**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी।** इस वर्ष होली का पर्व सरकारी कर्मचारियों के लिए लंबा अवकाश लेकर आया है। 2 मार्च, सोमवार को कार्यालय खुले रहे, लेकिन इसके बाद अब सीधा शुक्रवार को ही दफ्तर खुलेंगे। बीच में होली पर्व के चलते लगातार अवकाश रहेगा, जिससे सप्ताह भर का ब्रेक जैसा माहौल बन गया है। पहले की व्यवस्था में होलिका दहन के दिन कार्यालय खुले रहते थे और धुलेड़ी (रंग खेलने के दिन) अवकाश रहता था। उसके बाद अगले दिन कभी छुट्टी होती थी तो कभी नहीं। लेकिन इस बार तिथियों के संयोग ने कर्मचारियों को लंबी छुट्टी का अवसर दे दिया है। कार्यालयीन सूत्रों के अनुसार, सोमवार के बाद होली अवकाश के चलते दफ्तर बंद रहेंगे और फिर सप्ताहांत (शनिवार-रविवार) की नियमित छुट्टी जुड़ने से अवकाश का सिलसिला लंबा हो गया है। कुछ कर्मचारियों ने अनौपचारिक बातचीत में बताया कि वे शुक्रवार को एक दिन का अतिरिक्त अवकाश लेकर वीकेंड के साथ बाहर घूमने जाने की योजना बना रहे हैं। इस तरह होली का त्योहार उनके लिए मिनी वेकेशन में बदल गया है। हालांकि आम नागरिकों का कहना है कि लगातार छुट्टियों के कारण जरूरी कामकाज में देरी हो सकती है। राजस्व, पंचायत, नगरीय निकाय और अन्य विभागों में फाइलों के लंबित रहने की आशंका भी जताई जा रही है। फिलहाल कर्मचारियों के लिए यह होली सचमुच ह्ललंबे अवकाशह्ब वाली होली बन गई है, वहीं आमजन को अब कार्यालय खुलने का इंतजार रहेगा।



होलिका दहन के बाद दूसरे दिन रंग खेलने को लेकर असमंजस, व्यापार भी प्रभावित

# बाजारों में दिखी होली की रौनक, लेकिन ग्रहण के कारण उत्साह रहा फीका



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी-** शहर के बाजारों में होली की तैयारियों की रौनक तो दिखाई दी, रंग-गुलाल, पिचकारी और मिठाइयों की दुकानों पर भीड़ नजर आई, लेकिन इस बार उत्साह में कुछ कमी भी महसूस की गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि वर्षों से वे होलिका दहन के दूसरे दिन धूमधाम से रंग खेलते आ रहे हैं, लेकिन इस वर्ष ग्रहण के कारण तिथि परिवर्तन होने से त्योहार 4 मार्च को मनाया जा रहा है। इस बदलाव से लोगों में थोड़ी निराशा भी देखी गई। कई परिवारों का कहना है कि परंपरागत रूप से जिस दिन रंग खेला जाता था, उस दिन का अलग ही उत्साह और माहौल होता था। इस बार ग्रहण की वजह से समय और तिथि को लेकर असमंजस बना रहा, जिससे त्योहार का जोश कुछ कम नजर आया। **व्यापारियों को भी नहीं मिला अपेक्षित लाभ-** व्यापारियों का कहना है कि इस वर्ष होली के बाजार में वैसी चहल-पहल नहीं दिख रही, जैसी अन्य वर्षों में रहती थी। रंग, पिचकारी और अबीर-गुलाल की बिक्री सामान्य रही, लेकिन उम्मीद के मुताबिक व्यापार नहीं हो पाया। एक व्यापारी ने बताया, ह्लहर साल होली पर बाजार में अलग ही रौनक रहती है, लेकिन इस बार लोगों में वैसा उत्साह नजर नहीं आया। ग्रहण और तिथि परिवर्तन का असर व्यापार पर भी पड़ा है। हालांकि बाजारों में सजावट और खरीदारी जारी है, लेकिन आमजन और व्यापारियों दोनों को इस बार त्योहार में कुछ कमी का अहसास हो रहा है। रंगों का पर्व भले ही बदली तिथि पर मनाया जा रहा हो, लेकिन उम्मीद है कि होली का उल्लास लोगों के मन में पूरी तरह खिल उठेगा।

# बंडोल पुलिस की कार्रवाई: उत्पात मचाने वाले चार आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी। होली एवं रमजान पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सुनील कुमार मेहता (पुलिस अधीक्षक, सिवनी) के निर्देश पर उपद्रवियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं नगर पुलिस अधीक्षक सचिन परते के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बंडोल उपनिरीक्षक मनोज कुमार जंघेला द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई।**

## शराब के नशे में मचा रहे थे उत्पात

दिनांक 01 मार्च 2026 को ग्राम जमुनिया में चार व्यक्तियों द्वारा शराब के नशे में गुंडागर्दी करते हुए लोगों को डराने-धमकाने की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। आरोपियों को धारा 170 बी.एन.एस.एस. के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट जारी होने पर उन्हें जेल भेज दिया गया।

## गिरफ्तार आरोपी

सतपाल उर्फ शिवपाल (31 वर्ष), निवासी ग्राम जमुनिया, थाना बंडोल, आयुष (23 वर्ष), निवासी ग्राम बिहिरिया, थाना बंडोल, अनुराग (20 वर्ष), निवासी ग्राम बिहिरिया, थाना बंडोल, विनोद (26 वर्ष), निवासी ग्राम गंगेरूआ, थाना बंडोल।

## सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक मनोज कुमार जंघेला, सहायक उपनिरीक्षक राजेंद्र कुमार नागवंशी, प्रधान आरक्षक बालमुकुंद बघेल, प्रधान आरक्षक जयेंद्र बघेल, आरक्षक सतेन्द्र चन्द्रवंशी एवं आरक्षक रजनीकांत ठाकुर की विशेष भूमिका रही। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पर्व-त्योहार के दौरान शांति भंग करने वालों के विरुद्ध इसी प्रकार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# डी.पी. चतुर्वेदी जयंती पर दो दिवसीय आयोजन




**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी।** डी.पी. चतुर्वेदी विज्ञान, वाणिज्य, कला एवं शिक्षा महाविद्यालय सिवनी में डी.पी. चतुर्वेदी जयंती के अवसर पर 5 एवं 6 मार्च 2026 को विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम भारत विकास परिषद के तत्वावधान में आयोजित होंगे। **5 मार्च को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं पुस्तक विमोचन-**5 मार्च 2026, गुरुवार दोपहर 12 बजे से एस.एस.सी. शिक्षा महाविद्यालय, ड्रीमलैंड सिटी, कटंगी रोड सिवनी में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर ह्लराम बाण झ्र छंद गीतह्ब पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा। आयोजकों ने साहित्य प्रेमियों एवं आमजन से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने की अपील की है। **6 मार्च को रक्तदान एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर-** 6 मार्च 2026 को महाविद्यालय परिसर में विशाल रक्तदान शिविर एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित होगा। नागपुर एवं सिवनी के प्रतिष्ठित चिकित्सकों द्वारा विभिन्न रोगों की जांच एवं परामर्श नि:शुल्क प्रदान किया जाएगा। शिविर में आयुर्वेद, एलोपैथी, होम्योपैथी सहित विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। महाविद्यालय प्रबंधन एवं आयोजन समिति ने नागरिकों से अपील की है कि वे दोनों दिवस आयोजित कार्यक्रमों में सहभागी बनें, रक्तदान कर मानव सेवा का संकल्प लें तथा स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं। यह आयोजन स्व. डी.पी. चतुर्वेदी की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें शिक्षा, साहित्य और सेवा के विविध आयामों को समाहित किया जाता है।

बैंकिंग एवं स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

# कलेक्टर शीतला पटले की अध्यक्षता में विशेष डीएलसीसी बैठक सम्पन्न



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, सिवनी।** कलेक्टर शीतला पटले की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में विशेष डी.एल.सी.सी. (जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैंकिंग एवं स्वरोजगार से जुड़ी विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में स्वयं सहायता समूहों को दिए जाने वाले क्रेडिट लिंकेज (सीसीएल) की प्रगति पर चर्चा करते हुए एस.आर.एल.एम. अंतर्गत अधिकाधिक समूहों को बैंक ऋण से जोड़ने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना एवं पीएम विश्वकर्मा योजना के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। उद्यानिकी विभाग अंतर्गत पीएमएफएमई योजना, मत्स्य विभाग की मत्स्य पालन ऋण एवं मत्स्य केसीसी, तथा पशुपालन विभाग की डेयरी केसीसी एवं डॉ. भीमराव कामधेनु योजना की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति को ध्यान में रखते हुए सभी विभागों एवं बैंकरों को योजनावार लंबित प्रकरणों में त्वरित स्वीकृति एवं वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में आदिवासी एवं स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत बिरसा मुंडा रोजगार योजना, डॉ. टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना की समीक्षा की गई। साथ ही पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति पर भी चर्चा हुई। सीएम हेल्पलाइन से संबंधित बैंकिंग शिकायतों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी बैंकर्स को नियमानुसार कार्यवाही कर लंबित शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर शीतला पटले ने सभी अधिकारियों एवं बैंकर्स को निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व लक्ष्यानुसार पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु प्रकरणों की स्वीकृति एवं वितरण में तेजी लाई जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं बैंकर्स उपस्थित रहे।

## 44 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा के बाद प्रधानपाठक देवेश सिंह कौशिक सेवानिवृत्त तुलफ रैयत विद्यालय में सम्मान समारोह स्टाफ व बच्चों ने दी भावभीनी विदाई

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी।** देवेश सिंह कौशिक ने 28 फरवरी 2026 को प्रधानपाठक पद से सेवानिवृत्ति प्राप्त की। लगभग 44 वर्षों की शासकीय सेवा पूर्ण करने के उपरांत शासकीय माध्यमिक विद्यालय तुलफ रैयत परिवार द्वारा उनका सम्मान समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने पुष्पमालाओं, शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके दीर्घ और समर्पित शैक्षणिक जीवन को नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने उनके सरल, सौम्य और अनुशासित व्यक्तित्व की सराहना की। **सेवा यात्रा प्रेरणादायी रही-** देवेश सिंह कौशिक का जन्म 25 फरवरी 1964 को हुआ। उन्होंने 16 अगस्त 1982 को शासकीय सेवा में प्रथम नियुक्ति शासकीय माध्यमिक विद्यालय बगहाई, विकासखंड धनौरा में प्राप्त की। एम.ए. (हिंदी एवं अंग्रेजी) एवं बी.एड. की शैक्षणिक योग्यता के साथ उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। 12 दिसंबर 2014 को शासकीय माध्यमिक विद्यालय मोहगांव, विकासखंड लखनादौन में प्रधानपाठक पद पर पदोन्नत हुए। 15 अप्रैल 2023 को उच्च श्रेणी शिक्षक के रूप में शासकीय माध्यमिक विद्यालय सिल्लौर, विकासखंड कुरई में पदोन्नति प्राप्त की। 19 जुलाई 2017 को उन्हें हाई स्कूल पाड़ीवाड़ा, विकासखंड छपारा में प्राचार्य का उच्च पद प्रभार सौंपा गया, जिसे उन्होंने कुशलतापूर्वक निभाया। 13 सितंबर 2021 से शासकीय माध्यमिक विद्यालय तुलफ रैयत में प्रधानपाठक के रूप में कार्यरत रहते हुए विद्यालय के शैक्षणिक स्तर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। सेवानिवृत्ति अवसर पर सहकर्मियों ने उनके उज्ज्वल, स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। शिक्षा के प्रति उनकी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा।

# राष्ट्रगीत-राष्ट्रगान से माह की शुरूआत, कलेक्टर की समय सीमा बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा




**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी।** माह के प्रथम कार्यदिवस की शुरूआत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ हुई। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री सी.एल. चनाप की उपस्थिति में अधिकारी एवं कर्मचारी पंक्तिबद्ध होकर शामिल हुए और अनुशासित वातावरण में राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ सामूहिक गायन किया। इसके पश्चात कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई, जिसमें संकल्प से समाधान अभियान की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में विभागों से प्राप्त एवं लंबित आवेदनों की स्थिति की जानकारी लेकर कलेक्टर ने प्रकरणों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर श्री सी.एल. चनाप सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने आयुष्मान कार्ड की प्रगति की बीएमओवार समीक्षा करते हुए पात्र हितग्राहियों को शीघ्र कार्ड जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित जाति प्रमाण पत्रों के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर दिया। शासन के निदेर्शानुसार 14 वर्ष की बालिकाओं के एचपीवी (HPV) टीकाकरण की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्कूलों एवं छात्रावासों में शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने मैदानी स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर सभी पात्र बालिकाओं का वैक्सीनेशन पूर्ण कराने पर बल दिया। आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए सतत पेयजल आपूर्ति की कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने जल निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई), नगरपालिका एवं जल संसाधन विभाग को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी एसडीएम को ग्रामवार सर्वे कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। इसके अतिरिक्त सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा करते हुए विभागवार लंबित शिकायतों का अवलोकन किया गया। कलेक्टर ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के साथ जिले की रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय, जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों व शिकायतों के प्राथमिकता से निराकरण पर भी जोर दिया गया। बैठक में स्कूली परीक्षाओं की तैयारियों की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

कलेक्टर श्रीमती पटले की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक संपन्न

# कलेक्टर श्रीमती पटले की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक संपन्न



दैनिक रेवांचल टाईम्स, सिवनी। कलेक्टर शीतला पटले की अध्यक्षता में आयोजित समय-सीमा बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में विभागवार प्राप्त एवं लंबित आवेदनों की स्थिति की जानकारी लेकर कलेक्टर ने सभी विभागों को प्रकरणों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर श्री सी एल चनाप सहित अन्?य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।






# मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी बसंत और रंगों के पर्व होली की मंगलकामनाएं

## देश का फूड बास्केट है मध्यप्रदेश

### परीक्षा के समय में तनावमुक्त रहें विद्यार्थी

### मध्य पूर्व की वर्तमान क्षेत्रीय स्थिति में राज्य सरकार, वहां रह रहे प्रदेश के परिवारों के साथ



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को होली पर्व की मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि ईश्वर से प्रार्थना की कि बसंत और रंगों का यह उत्सव सभी के लिए शुभ और कल्याणकारी हो। उन्होंने कहा कि आज भगोरिया पर्व का भी आखिरी भगोरिया है। राज्य सरकार वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है। पर्व के समय जनजातीय भाई बहनों के साथ रहने और लोक संस्कृति के सम्मान के प्रकटीकरण के लिये पहली कृषि कैबिनेट बड़वानी में सोमवार को आयोजित की गई है। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के विकास के लिए हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में किसानों सहित युवा, महिला, गरीब, सभी के कल्याण के लिए गतिविधियां संचालित हैं। राज्य सरकार ने किसान कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की हैं। फसल की सही कीमत सुनिश्चित करने के लिए भावांतर योजना में अब सरसों को भी शामिल किया जा रहा है। उड़द प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत अब किसानों को उड़द पर 600 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस दिया जाएगा। मध्यप्रदेश दलहन-तिलहन सहित सभी कृषि उत्पादों में एक प्रकार से देश का फूड बास्केट है। राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश कृषि और उससे जुड़े सभी क्षेत्रों में निरंतर उन्नति करे।


मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह विद्यार्थियों के लिए परीक्षा का समय है, जो उनके लिए विशेष महत्व का है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से तनावमुक्त रहते हुए और स्वयं का ध्यान रखते हुए होली पर्व का आनंद लेने और परीक्षा सहित अपने सभी कर्तव्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यपूर्व की वर्तमान क्षेत्रीय स्थिति के संबंध में कहा कि प्रदेश के कई नागरिक इन देशों में हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हमारा प्रयास है कि किसी भी नागरिक को कष्ट नहीं हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि उन्होंने मध्यपूर्व के देशों में रह रहे प्रदेश के कई परिवारों से दूरभाष पर बात की है। राज्य सरकार इन परिवारों के साथ है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व विधायक श्री राव राजकुमार यादव के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र ईदगाह हिल्स पहुंचकर चंदेरी के पूर्व विधायक चंदेरी श्री राव राजकुमार सिंह यादव के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व विधायक श्री यादव के परिजन से अस्पताल में भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने राव राजकुमार सिंह जी का इलाज कर रहे डाक्टर से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैंसर अस्पताल में उपचाररत अन्य रोगियों की कुशलक्षेम भी पूछी तथा सभी के स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव और कैबिनेट मंत्रियों ने निमाड़-मालवा के लोक देवता भीलट देव से सभी की समृद्धि के लिए की कामना

### लोक देवता भीलट देव के आंगन नागलवाड़ी में है पहली कृषि कैबिनेट





**भोपाल**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और कैबिनेट मंत्रियों ने सोमवार को निमाड़-मालवा के लोक देवता भीलट देव का दर्शन कर प्रदेश के किसानों की सुख समृद्धि की कामना करते हुए पूजा-अर्चना की। किसान कल्याण वर्ष में बड़वानी जिले के नागलवाड़ी में आयोजित कैबिनेट बैठक के पहले दर्शन लाभ लेने के बाद सतपुड़ा की पहाडी पर विराजित लोक देवता के रमणीय स्थल की सभी ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। भीलट देव निमाड़-मालवा क्षेत्र के आराध्य देव है। आज वे आराध्य के दर्शन के साथ ही कैबिनेट बैठक की शुरूआत करेंगे। कैबिनेट में जो भी निर्णय लिये जायेंगे वे प्रदेशवासियों एवं किसानों के हितार्थ होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह भी कहा कि निमाड़वासी बड़े सौभाग्यशाली हैं जो उन्हें मां नर्मदा का आंचल मिला है। मां नर्मदा के जल से ही सिंचाई करके निमाड़ क्षेत्र के किसान समृद्ध एवं प्रगतिशील हो रहे हैं। आज निमाड़ क्षेत्र के किसान कृषि एवं उद्यानिकी की एक से अधिक फसलें लेकर आर्थिक रूप से भी उन्नति कर रहे हैं। मां नर्मदा का जल सूक्ष्म उन्नयन सिंचाई परियोजनाओं से बड़वानी जिले सहित निमाड़ क्षेत्र में किसानों को सिंचाई के लिये मिल रहा है। किसानों की आर्थिक उन्नति से ही प्रदेश की उन्नति होगी प्रदेश की सरकार ने वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष घोषित किया है, जिससे किसानों को और अधिक समृद्ध एवं संपन्न बनाया जाए। उन्होंने किसानों से यह अपील भी कि की मृदा की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के लिए किसान भाई रासायनिक खेती के स्थान पर प्राकृतिक खेती को अपनाएं। शुरूआती वर्षों में प्राकृतिक खेती में उत्पादन कम होगा लेकिन उससे प्रारंभ में मृदा की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी और फिर धीरे-धीरे उत्पादन की क्षमता भी बढ़ती जाएगी।

**भीलट देव मंदिर अत्यंत रमणीय एवं सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संपूर्ण मंदिर परिसर को देखते हुए कहा कि सतपुड़ा की सुरम्य वादियों में बसा हुआ नागलवाड़ी भीलट देव मंदिर अत्यंत रमणीय एवं सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण स्थल है। भीलट देव के तपस्या स्थल पर बने मंदिर के जीर्णोद्धार में निमाड़ के संत श्री सियाराम बाबा का भी अमूल्य योगदान है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद सदस्यों के साथ नागलवाड़ी मंदिर दर्शन के बाद सामूहिक फोटो भी खिंचवाया।

**निमाड़ के खेत और बाड़ियों में उपजने वाली फसलों की प्रदर्शनी का अवलोकन :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट से पहले निमाड़ के फार्म/खेतो और बाड़ियों में उपजने वाली फसलों का परिसर में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव को किसानों ने निमाड़ की कृषि पद्धतियों के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम स्थल पर आयोजित प्रदर्शनी के सम्बंध में बड़वानी कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने प्रस्तुतिकरण भी दिया।

**अलग-अलग थीम पर आधारित रही प्रदर्शनी**

कृषि कैबिनेट के मद्देनजर जिला प्रशासन और कृषि कार्यों से जुड़े विभागों ने प्रदर्शनी में अलग-अलग थीम पर अपना प्रस्तुतिकरण किया गया। इनमें प्राकृतिक खेती क्रियान्वयन और प्रभावी मॉडल, वोकल फॉर लोकल, केले का विकास मॉडल, डॉलर चना संपूर्ण मूल्य श्रृंखला, बड़वानी मिर्च प्लास्टर, तिल उभरती हुई विकासशील फसल, गन्ना आर्थिक और प्रभावी मॉडल, मिशन सिकलसेल उन्मूलन कार्यक्रम, नवाचार वन्य ग्राम समृद्धि अभियान थीम पर आधारित थी।

# कार में जिंदा जले यूपी के पिता-पुत्र की मौत...

### छिंदवाड़ा में बोलेरो से टकराने के बाद सीएनजी कार में धमाका; निकलने का मौका नहीं मिला




छिंदवाड़ा। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में बोलरो से टकराकर उठॠ कार में ब्लास्ट होने से आग लग गई। भीषण हादसे में पिता-पिता पुत्र की कार के अंदर की जलकर मौके पर मौत हो गई। कार में जिंदा जलने का वीडियो भी सामने आया है। हादसा कुंडीपुरा थाना क्षेत्र के सिवनी रोड पर हुआ है। जानकारी के मुताबिक मृतकों की पहचान 61 वर्षीय अमृत सिंह और 22 वर्षीय पुत्र अरुण सिंह के रूप में की गई है। हउछ के रिटायर्ड कर्मचारी थे। छिंदवाड़ा के परासिया के दिघावानी में पत्नी, बेटा और भाई रहते हैं। उत्तर प्रदेश में पुश्तैनी गांव गए थे। वहां से लौट रहे थे। घर पहुंचने से 40 किलोमीटर पहले हादसे का शिकार हो गए।

**बेटा चला रहा था कार, झपकी आने से हादसा :** स्थानीय लोगों के मुताबिक कार तेज रफ्तार में थी। कार अमृत सिंह के बेटे अरुण सिंह चला रहा था। लंबा समय तक ड्राइविंग करने की वजह से रात करीब 3 बजे ड्राइवर को झपकी आ गई। गाड़ी बकाबू हो गई। सड़क किनारे लगे साइन बोर्ड से टकराई। इसके बाद जय अम्बे गैरेज के सामने खड़ी बोलेरो से जा भिड़ी। इस दौरान कार में लगे उठॠ सिलेंडर में आग लग गई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई। कार में सवार पिता-पुत्र को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। आग इतनी भयानक थी कि गैरेज में खड़ी दो अन्य गाड़ियां भी जलकर खाक हो गईं।

**आग बुझाने तक दोनों शव जल चुके थे :** हादसे के बाद जय अम्बे गैराज के ऑपरेटर ने तुरंत कुंडीपुरा पुलिस को जानकारी दी। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तकपिता-पुत्र के शव पूरी तरह जल चुके थे। कुंडीपुरा थाना प्रभारी महेंद्र भगत ने बताया कि वे छिंदवाड़ा के गुरईया में नया मकान बनावा रहे थे। कुछ समय बाद वे यहां शिफ्ट होने वाले थे। मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल की मॉच्यूरी में भेज दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरूआती जांच से पता चलता है कि देर रात गाड़ी चलाते समय झपकी आना हादसे का मुख्य कारण था। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

## बैतूल में चलती ट्रेन के सामने आया युवक, मौत

बैतूल। बैतूल जिले के मलकापुर रेलवे स्टेशन पर बीती रात एक अज्ञात युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना उस समय हुई जब मदुरैझ्रकानपुर सेंट्रल स्पेशल ट्रेन (गाड़ी संख्या 01928) स्टेशन से गुजर रही थी। ट्रेन चालक के मुताबिक युवक अचानक पटरी पर आ गया, जिससे वह ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। **प्लेटफॉर्म नंबर 1 के पास हुआ घटनाक्रम :** यह घटना प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 के पास किलोमीटर 858/3 से 858/1 के बीच हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी। मृतक की उम्र करीब 30 से 35 वर्ष बताई जा रही है। **पहचान के लिए खास निशान :** मृतक ने काले रंग की हाफ शर्ट और नीली जींस पहन रखी थी। उसके बाएं हाथ पर अंग्रेजी में ह्लटरह्व अक्षर गुदा हुआ है। दाहिने हाथ की अनामिका उंगली में पीले रंग की अंगूठी भी मिली है।

# छिंदवाड़ा में पानी की बोतल में मिला कचरा

### पाउच पर नहीं है एक्सपायरी डेट, त्योहारों से पहले खाद्य विभाग के पास शिकायतें



छिंदवाड़ा। आगामी त्योहारों को देखते हुए खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। विभाग की टीम रेस्टोरेंट, मिठाई दुकानों और खाद्य पदार्थों का निर्माण करने वाली इकाइयों में पहुंचकर जांच कर रही है। जांच के दौरान लापरवाही बरतने वाले कुछ दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की गई है। इसी बीच गर्मी का मौसम शुरू होते ही बाजार में पानी की बोतल और पानी के पाउच की मांग तेजी से बढ़ गई है। लेकिन इसके साथ ही पानी की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें भी सामने आने लगी हैं। जानकारी के अनुसार सोनपुर मार्ग स्थित हीरा इंडस्ट्री में पानी की बोतल और पानी के पाउच का निर्माण किया जाता है। इसी कंपनी के ब्रांड इष्ट्रीम की एक पानी की बोतल में कचरा मिलने की शिकायत सामने आई है। इसके अलावा वहां तैयार किए गए पानी के पाउच पर एक्सपायरी डेट दर्ज नहीं होने की बात भी सामने आई है।खाद्य विभाग ने इस मामले कों गंभीरता से लेते हुए जांच की बात कही है। विभाग का कहना है कि निर्माण स्थल पर जांच की जाएगी और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संस्था के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए जिले में लगातार निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है, ताकि उपभोक्ताओं को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य सामग्री मिल सके।

# भजन मंडली की 150 महिलाओं को साड़ी भेंट कीं

### सेवा भारती की प्रदेश उपाध्यक्ष बोलीं- नई पीढ़ी को मूल्यों से जोड़ने संस्कार केंद्र



रायसेन। रायसेन के स्थानीय डाइट भवन में सेवा भारती ने सोमवार एक भजन मंडली प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें शहर भर से आई मंडलियों ने अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से भक्तिमय माहौल बना दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मंडलियों को पुरस्कृत किया गया और 150 महिलाओं को साड़ियाँ भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मंडली को 3100 रुपये, द्वितीय को 2100 रुपये और तृतीय स्थान पर रही मंडली को 1100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इसके अतिरिक्त, 500 रुपये का सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किया गया। गंज बाजार की महिला मंडल ने प्रथम पुरस्कार जीता। इस अवसर पर 'शिव गोमती जन कल्याण समिति' की ओर से भजन मंडली में शामिल हुई 150 महिलाओं को साड़ियाँ भेंट कर सम्मानित किया गया। सेवा भारती की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. किरण शेजवार ने कहा कि संस्था भारतीय संस्कृति और प्राचीन परंपराओं को अक्षुण्ण रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सेवा भारती जिले में संस्कार केंद्रों का संचालन कर रही है, जिसका उद्देश्य नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली मूल्यों से जोड़ना है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक और महिलाएं उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता के दौरान छोटी-छोटी बालिकाएं राधा-कृष्ण और गोपियों के स्वरूप में तैयार होकर शामिल हुईं। इसके बाद महिलाओं ने फूलों की होली खेली और पारंपरिक होली गीत गाए, जिससे पूरा परिसर भक्ति और उल्लास से भर गया।

# प्रदेश में शांति, सुरक्षा और सौहार्द सर्वोपरि : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## आगामी सभी त्यौहारों को लेकर विशेष सजगता और सतर्कता रखें, पेट्रोलिंग बढ़ाएं



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि त्यौहार सामाजिक सद्भाव का प्रतीक हैं। प्रदेश के सभी नागरिक आपसी सौहार्द और प्रेम पूर्वक त्यौहार मनाएं, इसके लिए मैदानी पुलिस अधिकारी और अमले को अतिरिक्त सजगता, सतर्कता और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी निभानी होगी, ताकि कहीं भी, किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि त्यौहारों के चलते विशेष निगरानी और ऐहतियात बरती जाए। पुलिस सूचना-तंत्र को और भी अधिक सक्रिय किया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी से अपने कर्तव्यों का पालन करें, जिससे किसी भी नागरिक को असुविधा न हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगामी सभी त्यौहारों से पहले प्रदेश में शांति और सुव्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए रविवार को पुलिस कमिश्नर ऑफिस, भोपाल से प्रदेश की कानून-व्यवस्था की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से विस्तृत समीक्षा की। इस उच्च स्तरीय बैठक में अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय श्री नीरज मंडलोई, डीजीपी श्री कैलाश मकवाना, एडीजी इंटेलीजेंस श्री ए. साईं मनोहर सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। प्रदेश के सभी रेंज आईजी, डीआईजी, पुलिस कमिश्नर्स और पुलिस अधीक्षकों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर अपने-अपने क्षेत्रों की व्यवस्थाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्राधिकार में कानून-व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखें और इस संबंध में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नागरिक बिना किसी बाधा के अपने-अपने पर्व आनंदपूर्वक मनाएं। शासन-प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ उनकी सुरक्षा में तत्पर होकर तैनात है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि त्योहारों के समय बेहद सतर्क रहें। हर घटना-दुर्घटना पर बारीक नजर बनाएं रखें। जनता में सुरक्षा का विश्वास कायम करें। समाज के अच्छे और प्रभावशाली लोगों को शांति समिति में लेकर आए। उन्होंने कहा कि सभी एसपी अपने पुलिस कंट्रोल रूम और मॉनिटरिंग सिस्टम को और भी अधिक बेहतर बनाएं। हर हाल में सुव्यवस्था बनी रहे, यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगामी दिनों में वे प्रदेश के पुलिस थानों और कार्यालयों का औचक निरीक्षण करेंगे। पुलिस थानों के कार्य-व्यवहार और पब्लिक फीडबैक के आधार पर उनकी ग्रेडिंग की जाएगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षकों को अतिरिक्त सजगता और सतर्कता बरतने की हिदायत देते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था के संबंध में जो भी कार्रवाई हो, वह पूरी तरह से पारदर्शी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में परीक्षाएं चल रही हैं। इसलिए सभी परीक्षा केन्द्रों और हॉस्टल्स पर निगरानी रखें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस विभाग को प्रदेश को नक्सल मुक्त बनाने के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह सब पुलिस की समर्पित कार्यवाही और निष्ठा से ही संभव हो सका है। उन्होंने कहा की पुलिस अधिकारी सुनिश्चितकरें कि होलिका दहन गैर विवादित स्थलों पर ही हो। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि त्योहारों के चलते अधिक संख्या में यात्रियों के आवागमन के कारण बस ऑपरेटर्स द्वारा यात्रियों से अधिक किराया वसूल करने की शिकायतें मिल रही हैं। ऐसी स्थिति पर रोक लगाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि त्यौहारों के दौरान विशेष संवेदनशीलता का परिचय दिया जाना चाहिए। किसी भी जगह किसी भी प्रकार की घटना या दुर्घटना पर पुलिस का क्विक रिस्पांस होना चाहिए। छोटी से छोटी घटना को संज्ञान में लें। शुष्क दिवस के प्रावधान का पूरी कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये। सभी पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में व्यवस्थाओं में और अधिक कसावट लायें। वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में सभी मैदानी पुलिस अधिकारियों ने त्यौहारों के मद्देनजर की गई तैयारियों की जानकारी दी। सभी ने कहा कि शांति समिति की बैठकें कर सभी से लगातार बातचीत की जा रही है।

# छिंदवाड़ा जिला सहकारी बैंक में गड़बड़ी का मामला

### पौने 9 करोड़ के गबन के बाद अब 10 लाख का नया मामला, सालाना ऑडिट पर उठे सवाल

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा की जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की कृषि शाखा में करीब चार साल पहले हुए स्पेशल ऑडिट में पौने 9 करोड़ रुपए के गबन का मामला सामने आया था। अब इसी बैंक से जुड़े 10 लाख रुपए के गबन की शिकायत पर ईओडब्ल्यू जबलपुर ने तीन अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि यदि बैंक की अन्य शाखाओं और सहकारी समितियों का निष्पक्ष स्पेशल ऑडिट कराया जाए तो करोड़ों रुपए की और गड़बड़ियां सामने आ सकती हैं। हालांकि आरोप है कि कई मामलों को अधिकारियों द्वारा दबाने की कोशिश की जा रही है। **2022 में गबन का मामला सामने आया :** साल 2022 में सहकारी बैंक की कृषि शाखा में करीब 8.75 करोड़ रुपए के गबन का खुलासा हुआ था। उस मामले में कोतवाली पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया था और 100 से अधिक लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया था। **10 लाख के गबन की शिकायत पर कार्रवाई :** वहीं जिला सहकारी बैंक मुख्यालय में करीब दो साल से 10 लाख रुपए के गबन की शिकायत लंबित थी। यह शिकायत विभाग के ही एक कर्मचारी ने की थी, जो लंबे समय तक दफ्तरों के बीच घूमती रही। आखिरकार ईओडब्ल्यू जबलपुर ने मामले को गंभीर मानते हुए तीन अधिकारियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। **पुलिस ने ईओडब्ल्यू को सौंपने की दी थी सिफारिश :** पौने 9 करोड़ के गबन मामले में लगातार बढ़ती जा रही राशि को देखते हुए पुलिस ने इस प्रकरण को ईओडब्ल्यू को सौंपने की सिफारिश भी की थी। लेकिन यह मामला लंबे समय तक थाने स्तर पर ही सीमित रहा।

# किसान यूनियन और किसान आर्मी का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

## गन्ना बकाया भुगतान, नहरें 90 दिन चलाने की मांग




**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले में सोमवार को राष्ट्रीय किसान यूनियन और किसान आर्मी संगठन से जुड़े किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। किसानों ने कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपकर जिले की शुगर मिलों द्वारा गन्ने का लंबित भुगतान तत्काल कराने की मांग की। किसानों का कहना है कि जिले की विभिन्न शुगर मिलों द्वारा खरीदे गए गन्ने का भुगतान लंबे समय से रुका हुआ है, जिससे किसान आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से शुगर मिल प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई करते हुए बकाया राशि पर ब्याज सहित भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने यह भी मांग रखी कि गर्मी के मौसम में जिले की सभी नहरों को लगातार 90 दिनों तक संचालित किया जाए। उनका तर्क है कि इससे फसलों को पर्याप्त सिंचाई मिल सकेगी और पानी की कमी के कारण फसल उत्पादन प्रभावित नहीं होगा।

किसान आर्मी संगठन के सदस्य प्रतीक शर्मा ने बताया कि किसान अपनी समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे हैं। उन्होंने मांग की कि गेहूं पर घोषित ?15 प्रति क्विंटल बोनस के बजाय ?150 प्रति क्विंटल बोनस दिया जाए। साथ ही, जिले की सभी शुगर मिलों, विशेषकर नवाब राजा महाकौशल शुगर मिल के बकाया भुगतान पर कार्रवाई करते हुए संबंधित संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए और शुगर मिल की शक्कर जब्त कर किसानों का भुगतान कराया जाए।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे आगामी चुनाव में जनप्रतिनिधियों का विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि गांव-गांव और मोहल्लों में सांसदों और मंत्रियों के पुतले जलाकर विरोध दर्ज कराया जाएगा।

# सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर जनसेवा की नई पहल-मिशन जन आवाज-अविराज

### आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में निःशुल्क डिजिटल शिक्षा की व्यवस्था।

### गोवर्धनम फाउंडेशन का जनहितैशी पहल



देनिक रेवांचल टाइम्स रीवा। समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय गोवर्धनम फाउंडेशन द्वारा मिशन जन आवाज नामक एक जनहितैषी पहल की शुरूआत की जा रही है। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह मिशन आमजन के हित में कार्य करेगा, मिशन के अंतर्गत समर्पित टीमों का गठन किया जाएगा।

जो सड़क, पानी, बिजली, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा,युवा,महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से संबंधित विभागों तक पहुंचाकर समाधान की दिशा में सकारात्मक और निरंतर प्रयास करेंगी। हमारा उद्देश्य केवल शिकायत करना नहीं, बल्कि ठोस परिणाम सुनिश्चित करना है।

समाजसेवी अविराज ने बताया कि हमारी पहले से ही शहर के सभी वार्डों में सशक्त टीम सक्रिय है और शीघ्र ही सभी साथियों के साथ बैठक कर मिशन की कोर टीम एवं संरक्षक मंडल का गठन किया जाएगा, जिससे यह अभियान और अधिक संगठित रूप से संचालित हो सके।

फाउंडेशन द्वारा पूर्व से ही कई सेवा कार्य निरंतर संचालित किए जा रहे हैं। कोरोना काल के कठिन समय में लगातार 60 दिनों तक प्रतिदिन 500 से अधिक लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया तथा जरूरतमंद परिवारों को राशन किट वितरित की गई। प्रत्येक वर्ष ठंड के मौसम में लगभग 1000 जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर राहत पहुंचाई जाती है।

बरसात के दौरान झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों को तिरपाल प्रदान कर उन्हें सुरक्षित आश्रय दिया जाता है। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था कर शिक्षा को सशक्त बनाने का कार्य भी निरंतर जारी है। टीम द्वारा अब तक 500 से अधिक यूनिट रक्तदान कर कई जरूरतमंदों की जान बचाने में सहयोग दिया गया है। भीषण गर्मी में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्याऊ की व्यवस्था कर आमजन को शीतल जल उपलब्ध कराया जाता है, तथा समय-समय पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर जांच, परामर्श और दवाइयों का वितरण किया जाता है।

वरिष्ठ शिक्षक व समाजसेवी देवाशीष अवस्थी ने बताया कि मिशन जन आवाज के अंतर्गत नई पहलों के रूप में आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में निःशुल्क डिजिटल शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन मिल सके। साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र प्रारंभ किए जाएंगे, ताकि उन्हें कौशल विकास और स्व-रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। गोवर्धनम फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक सिंह गहरवार एवं आशीष द्विवेदी ने बताया कि इस मिशन का मूल उद्देश्य समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की आवाज बनना और उसे बुलंदी देना है तथा मौजूदा हालात को देखते हुए कार्यों की रूप रेखा तैयार की जाएगी आने वाले दिनों में फाउंडेशन व मिशन द्वारा वृहद रक्तदान शिविर,खेल महोत्सव,स्वास्थ्य शिविर व मिशन में अधिक से अधिक युवाओं को शामिल करने हेतु प्रयास किया जाएगा

# गाडरवारा में शंकराचार्य के समर्थन में प्रदर्शन

## राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, निष्पक्ष जांच की मांग



नरसिंहपुर। नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा में सोमवार को सनातन धर्म प्रेमियों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। उन्होंने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पर दर्ज प्रकरण को झूठा बताते हुए विरोध जताया और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि शंकराचार्य पर षड्यंत्रपूर्वक लगाए गए आरोपों और बनाए गए मामलों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही, साजिशकताओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की भी अपील की गई। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि इन घटनाओं से सनातन धर्म की भावनाएं आहत हुई हैं और धर्म को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि शंकराचार्य के खिलाफ की गई कार्रवाई एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा है। उन्होंने उच्च स्तर पर जांच कर न्याय दिलाने की मांग की। उल्लेखनीय है कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज का एक आश्रम नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव में स्थित है, जो वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। जिले के लोगों का उनसे गहरा जुड़ाव है। पूरे प्रकरण के बाद से उनके समर्थकों में नाराजगी देखी जा रही है और विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, हालांकि समर्थकों ने चेतावनी दी है कि निष्पक्ष जांच और कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

# 5 माह पूर्व हुई चोरी की संपत्ति के साथ दो गिरफ्तार

दैनिक रेवांचल टाइम्स रीवा। जिले जनेह थाना प्रभारी और उनकी पुलिस टीम ने 5 माह पूर्व हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गई सामग्री बरामद कर ली है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने सोने चांदी के आभूषण व पुराने कीमती बर्तन बरामद किए है। जनेह पुलिस के मुताबिक चोरी की सूचना बीते वर्ष 11 सितंबर को सुनीता देवी कोल पति चन्द्रगोपाल कोल निवासी सरुई थाना जनेह ने दर्ज कराई थी। जिसमे चोरों ने उसके घर से 04 कसहड़ी, 01 हाड़ा पीतल का एवं पुराने और इस्तमाली जेवरात कान का सुई धागा, 02 नग सोने की लॉकेट, 02 नग चांदी का झुमका, 01 जोड़ी पैर की पायल व फोन चोरी कर ले गये हैं। पुलिस ने शिकायत के बाद चोरी का प्रकरण पंजीबद्ध किया था। जनेह पुलिस ने चोरी गये मोबाईल के तकनीकी साक्ष्यों से पूर्व में ही आरोपी राधेश्याम विंद पिता हिन्छलाल विंद 20 वर्ष निवासी कपुरी थाना मेजा जिला प्रयागराज उ.प्र. को दिनांक 08 नवंबर को गिरफ्तार किया था। मामले में फरार आरोपी पाण्डेय मुसहरा पिता छोटे लाल मुसहरा 26 वर्ष निवासी सोहर्वा



नईबस्ती थाना जनेह को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे – से पुराने और इस्तमाली जेवरात कान का सुई धागा, 02 नग सोने की लॉकेट, 02 नग चांदी का झुमका, 01 जोड़ी पैर की पायल बरामद किया साथ ही अन्य आरोपी गोरेलाल केवट पिता बेचनलाल केवट 52 वर्ष निवासी कूड़ी थाना जनेह के कब्जे से चोरी गये पीतल के बर्तन 04 कसाहड़ी व 01 हाड़ा पीतल का बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए दानों आरोपियों को न्यायायल में पेश किया है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष साप्ताहिक शिविर का समापन समारोह संपन्न

देनिक रेवांचल टाइम्स दिव्यगवां। भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय दिव्यगवां की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष साप्ताहिक शिविर का समापन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह विशेष शिविर 23 फरवरी 2026 से 01 मार्च 2026 तक शिविर स्थल झ माध्यमिक शाला कल्याणपुर में आयोजित किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जनचेतना फैलाना था। शिविर अवधि में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, ग्राम सर्वेक्षण, प्लास्टिक मुक्त अभियान, नशा मुक्ति जागरूकता, दीवार लेखन एवं शैक्षिक संवाद जैसे विविध कार्यक्रमों का सफल संचालन किया। स्वयंसेवकों ने नहीं वे, हम के आदर्श वाक्य को आत्मसात करते हुए ग्रामवासियों के साथ श्रमदान कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया।



समापन अवसर पर ग्राम में सद्भावना रैली का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्येय गीत प्रस्तुत किया तथा सामाजिक एकता, स्वच्छता और नशामुक्ति के संदेशों के साथ पूरे ग्राम में जनजागरण किया। रैली के पश्चात आयोजित सभा में प्रेरक उद्बोधनों के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र निर्माण, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक दायित्व के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. अरुणेंद्र कुमार पाण्डेय एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. सुदीप कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों के अनुशासन, सेवा भावना एवं सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज के प्रति संवेदनशील बनाकर राष्ट्र निर्माण की दिशा में अग्रसर करती है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बी. पी. सिंह ने शिविर का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि सात दिवसीय गतिविधियों के माध्यम से ग्राम कल्याणपुर में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में सकारात्मक पहल की गई। उन्होंने स्वयंसेवकों की समर्पण भावना एवं टीम भावना की प्रशंसा की। अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए तथा सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। यह विशेष शिविर युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक एवं जीवनोपयोगी अनुभव सिद्ध हुआ, जिसने सेवा, सहयोग और सामाजिक दायित्व की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया।

# भाजपा मंत्री के इस्तीफा की मांग को लेकर महिला कांग्रेस द्वारा घर-घर चलाया जा रहा है हस्ताक्षर अभियान



दैनिक रेवांचल टाइम्स रीवा। भाजपा मंत्री हरदीप पूरी का एपस्टीन फाइल में नाम आने पर भाजपा मंत्री हरदीप सिंहपुरी के इस्तीफा की मांग को लेकर महिला कांग्रेस रीवा द्वारा घर-घर जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है।भाजपा नेत्री विजय लक्ष्मी मिश्रा ने बताया कि भाजपा के राज्य में हत्या, बलात्कार खुलेआम हो रहे है यहा तक कि बलात्कार में नाबालिक बच्चे तक नहीं बच रहे गई। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में नाबालिक बच्चों के शोषण बलात्कार और अत्याचार को लेकर के एपस्टीन फाइल खुलासे में जो नाम भाजपा मंत्री हरदीप सिंहपुरी का उजागर हुआ है इसी के संबंध राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला कांग्रेस अलका लांबा के नेतृत्व और मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रीना बारिसिया के निदेर्शानुसार रीवा में महिला कांग्रेस की सैकड़ो लोगों का हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर कराकर मंत्री हरदीप सिंह पुरी के विरोध में स्थिति की मांग को लेकर के घर-घर रीवा में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है जिसमें मांग की गई है कि भ्रष्ट मंत्री के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए और उसका इस्तीफा इस पद से लिया जाए । इस अवसर पर महिला कांग्रेस नेत्री प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस श्रीमती विजयलक्ष्मी मिश्रा ने अपने वक्तव्य में मीडिया को बताया कि यह बहुत ही गलत है भाजपा के शासनकाल में महिलाएं नाबालिक बच्चे बच्चियों तक नहीं बच रही है इनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए, यदि मंत्री हरदीप सिंह पूरी अपना इस्तीफा नहीं देते तो कांग्रेस हस्ताक्षर अभियान से लेकर महिला कांग्रेस बड़े से बड़ा उग्र आंदोलन पूरे प्रदेश से लेकर राष्ट्र तक करेगी। यह आंदोलन भाजपा हटाओ और देश बचाओ के नाम से हमारे राहुल गांधी और महिला कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा व प्रदेश अध्यक्ष रीना बरसिया के नेतृत्व में किया जाएगा '

# नरसिंहपुर में सींगरी नदी का पुराना पुल टूटेगा

## 15 हजार आबादी के लिए वैकल्पिक मार्ग संकरे; लोग बोले- पहले व्यवस्था हो

नरसिंहपुर। नरसिंहपुर में सींगरी नदी पर बना पुराना पुल जल्द ही तोड़ा जाएगा। यह पुल पुराने नरसिंहपुर को कंदेली-स्टेशनगंज से जोड़ता है। अब इसकी जगह लगभग 7 करोड़ 39 लाख की लागत से नया पुल बनाया जाना है, जिसके लिए पुराने पुल को हटाने का काम शुरू हो रहा है। पुल टूटने से सात वार्डों (नेहरू, शंकर, महाजनी, निरंजन, संजय, किसानी और नरसिंह वार्ड) की करीब 15 हजार आबादी प्रभावित होगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल तोड़ने से पहले आवाजाही के लिए सही वैकल्पिक रास्ते तैयार किए जाने चाहिए।

**वैकल्पिक रास्तों की स्थिति खराब :** प्रशासन ने शहर से जुड़ने के लिए दो रास्तों का सुझाव दिया है, लेकिन उनकी हालत ठीक नहीं है-

**पहला रास्ता :** नृसिंह मंदिर रोड से कचहरी मार्ग तक जाता है। यह बहुत घनी आबादी वाला इलाका है और कहीं-कहीं तो रास्ता सिर्फ 7 से 8 फीट चौड़ा है। यहाँ से एंबुलेंस या स्कूल बस का निकलना बहुत मुश्किल है।

**दूसरा रास्ता :** गुलाब चौराहा से कर्बला रोड वाला मार्ग भी संकरा और ऊबड़-खाबड़ है।

**बारिश में बढ़ सकती है मुसीबत :** लोगों को डर है कि अगर बारिश शुरू होने तक काम पूरा नहीं हुआ, तो वैकल्पिक मार्गों पर बने रपटे डूब सकते हैं। इससे नदी के उस पार रहने वाले लोगों का संपर्क शहर से पूरी तरह कट सकता है।

**दूरी और समय की मार :** पुल टूटने के बाद अस्पताल जाने के लिए जो रास्ता अभी 500-700 मीटर है, वह बढ़कर 4 किलोमीटर तक हो जाएगा। बड़े वाहनों को तो 10-12 किलोमीटर का चक्कर काटकर हाईवे से आना-जाना पड़ेगा। इससे बाजार, रेलवे स्टेशन, कलेक्ट्रेट और बैंकों तक पहुँचने में लोगों को काफी समय और मशक्कत लगेगी।

**नेता प्रतिपक्ष बोले- पहले वैकल्पिक मार्ग सुधारे, फिर पुल तोड़ें :** नगरपालिका में नेता प्रतिपक्ष इंजी. रुद्रेश तिवारी ने कहा कि पहले वैकल्पिक मार्गों को दुरुस्त किया जाए, इसके बाद ही पुल तोड़ा जाए। उनका सुझाव है कि निर्माण कार्य बारिश के बाद सितंबर में शुरू किया जाना चाहिए था। भाजपा नेता विक्रांत पटेल ने मांग की कि शंकर मंदिर के पास से वन विभाग मार्ग तक चौड़ा अस्थायी रास्ता बनाया जाए, ताकि एंबुलेंस और स्कूली बसों का आवागमन सुगम हो सके।

**व्यापारी बोले- बारिश में स्थिति भयावह हो सकती :** सराफा व्यापारी पंकज नेमा ने कहा कि बिना समयसीमा बताए पुल तोड़ने की तैयारी समझ से परे है। टाइल्स व्यापारी विवेक रेजा ने चेताया कि बारिश में स्थिति भयावह हो सकती है। स्थानीय निवासी सुशांत पुरोहित ने अतिक्रमण और संकरी गलियों की समस्या उठाते हुए कहा कि प्रशासन को पहले जमीनी आकलन करना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता अमर नौरिया ने स्पष्ट किया कि बड़े वाहनों के लिए नदी पार नया वैकल्पिक मार्ग तैयार किए बिना पुल तोड़ना हजारों लोगों को परेशानी में डालना होगा।

# नरसिंहपुर में 2 दिन में 106 केस, 186 आरोपी गिरफ्तार

## 3 लाख की अवैध शराब पकड़ी, होली पर्व को लेकर कार्रवाई




नरसिंहपुर। नरसिंहपुर पुलिस ने होली और धुलेंडी के त्योहार पर शांति बनाए रखने के लिए 'ऑपरेशन ईगल हंट' चलाया है। इस मुहिम के तहत दो दिनों में 106 केस दर्ज किए गए और 186 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने अवैध शराब और गड़बड़ी करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। शनिवार और रविवार को जिले के अलग-अलग इलाकों में पुलिस ने दबिश दी। इसमें करीब 3 लाख रुपए की 30 पेटी देसी शराब, 500 लीटर कच्ची महुआ शराब और 750 पाव अंग्रेजी शराब पकड़ी गई। इसके अलावा, शराब बनाने का 1500 किलो कच्चा माल (महुआ लहान) भी मौके पर नष्ट कर दिया गया। पकड़े गए लोगों पर आबकारी कानून के तहत मामला दर्ज हुआ है।

**वारंट और संदिग्धों पर एक्शन :** पुलिस ने इस दौरान 139 वारंट पूरे किए। साथ ही 57 गुंडे और 45 पुराने बदमाशों की जांच की गई। पुलिस ने 219 लोगों को नोटिस दिए और 215 संदिग्ध लोगों पर कार्रवाई की है ताकि वे त्योहार के दौरान कोई परेशानी न खड़ी करें।

**सुरक्षा की तैयारी :** सुरक्षा के लिए पुलिस सड़कों पर मार्च कर रही है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और सार्वजनिक जगहों पर गाड़ियों की चेकिंग की जा रही है। खास इलाकों में ज्यादा पुलिस बल तैनात किया गया है और ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जा रही है। पुलिस की टीमें सोशल मीडिया पर भी ध्यान दे रही हैं ताकि कोई गलत खबर न फैला सके।

ओम होम हैल्थ केयर सर्विस
हमारे पास अशक्त बुजुर्ग मरीजों की देखभाल हेतु नर्स,वार्ड वॉय,आया बाई,फिजियोथैरेपी और दवाईयॉं घर पर उपलब्ध कराए जाते हैं।
प्रो.जितेन्द्र पटैल
CERVIC - 24X7 Hourse
मो. 9340721556,9753518166
पता-केनरा बैंक महाराष्ट्र हॉई स्कूल गोल बाजार जबलपुर(म.प्र.)

Manufacturer of t-shirts & lowers
Mo. 9174614421, 9406763810
CHANDRAKALA TEXTILES
सभी प्रकार की टी-शर्ट ऑर्डर पर बनाई और प्रिंट की जाती हैं और स्पोर्ट्स सबलिमेसन जर्सी बनाई जाती हैं।
Address : shop no 151, jabalpur fashion design cluster market Lema garden Gohalpur jabalpur 482001







तेंदुआ की मौत से फिर सवालों के घेरे में प्रबंधन, बाघों की हत्याएं थमने का नाम नहीं ले रहीं!

# कान्हा टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों का कत्लेआम जिम्मेदार कौन...?

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। कान्हा नेशनल पार्क, जो कभी वन्यजीवों की सुरक्षित शरणस्थली माना जाता था, अब मौत की घाटी बनता जा रहा है। पार्क प्रबंधन की लापरवाही और नाकामी का एक और ज्वलंत उदाहरण सामने आया है, जहां 19 फरवरी 2026 को एक नर तेंदुए की दर्दनाक मौत हो गई। घटना किसली वन परिक्षेत्र के अंतर्गत जरियावारे पगडंडी के पास कक्ष क्रमांक 832 ( 16 ), बीट लांघादादर में हुई।**

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से साफ हो गया कि तेंदुआ बाघ के हमले का शिकार बना, उसके सिर पर बाघ के दांतों के गहरे निशान मिले। लेकिन सवाल यह है कि पार्क प्रबंधन आखिर इन मौतों का सिलसिला कब तक रोक पाएगा? या फिर ये मौतें प्रबंधन की मिलीभगत और असफल निगरानी का नतीजा हैं? कान्हा टाइगर रिजर्व, जो मध्य प्रदेश की शान है, में बाघों की मौत की खबरें तो आम हो चुकी हैं, लेकिन अब दुर्लभ तेंदुओं का भी शिकार होना चिंता का विषय बन गया है।

स्थानीय पर्यावरण कार्यकताओं और वन्यजीव प्रेमियों का आरोप है कि प्रबंधन की ढिलाई से जंगल में अवैध शिकार, क्षेत्रीय संघर्ष और अपर्याप्त सुरक्षा उपायों ने वन्यजीवों को मौत के मुंह में धकेल दिया है। "पार्क में कैमरा ट्रैप और गश्ती दल कहां हैं? क्यों हर बार मौत के बाद ही जांच शुरू होती है?" - एक स्थानीय कार्यकर्ता ने गुस्से में कहा। घटना की जांच में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए), नई दिल्ली और मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक कार्यालय, भोपाल के दिशानिर्देशों का पालन किया गया। डॉग स्क्वाड की मदद से छानबीन में बाघ की उपस्थिति के साक्ष्य मिले, लेकिन क्या यह पर्याप्त है? पोस्टमार्टम डॉ. संदीप अग्रवाल (वन्यप्राणी चिकित्सक, कान्हा टाइगर रिजर्व, मंडला), डॉ. दीपाली परते (पशु चिकित्सक, बिलिया) और डॉ. सुरेंद्र टेकाम (पशु चिकित्सक, मंडला) की टीम ने किया, जिसमें तेंदुआ के सभी अंग सुरक्षित पाए गए।

शवदाह की कार्यवाही क्षेत्र संचालक रवींद्र गणेश त्रिपाठी, उप संचालक प्रकाश कुमार वर्मा, सहायक संचालक जी. सूरज सिंह सेंट्रल, एनटीसीए प्रतिनिधि ओमकार नर, शंकर भार्गवी तहसीलदार बिछिया, चंद्रेश खरे (मानद वन्यप्राणी अभिरक्षक), श्रीमती श्यामकती उईके (सरपंच, खटिया) और वन परिक्षेत्र किसली के अधिकारियों की उपस्थिति में हुई। पूरी प्रक्रिया की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी की गई, लेकिन यह सब महज खानापूर्ति लगती है। कान्हा प्रबंधन पर आरोप लग रहे हैं कि वे वन्यजीवों की रक्षा में पूरी तरह असफल साबित हो रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में दर्जनों बाघों की मौतें हो चुकी हैं, और अब तेंदुओं का नंबर आ गया है। क्या पर्यटन के नाम पर जंगल को लूटा जा रहा है? क्या प्रबंधन के अधिकारी सोए हुए हैं या फिर कोई बड़ा रैकेट चल रहा है? स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि गश्ती दल की कमी और अवैध प्रवेश ने स्थिति को बदतर बना दिया है। पर्यावरण मंत्रालय को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए, वरना कान्हा का नाम मौतों के इतिहास में दर्ज हो जाएगा। यह घटना न केवल वन्यजीव संरक्षण की विफलता को दशार्ती है, बल्कि सरकार और प्रबंधन की जिम्मेदारी पर सवाल खड़े करती है। अगर जल्द कदम नहीं उठाए गए, तो कान्हा का जंगल खाली हो जाएगा। क्या आप भी इस लापरवाही के खिलाफ आवाज उठाएंगे?

## भाजपा कार्यालय में जिला कार्ययोजना एवं कार्यशाला संपन्न

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार आज जिला भाजपा कार्यालय में ह्यपंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियानझ्र2026ह्न के अंतर्गत जिला कार्ययोजना बैठक एवं जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यक्रम भाजपा संगठन जिला प्रभारी एवं पूर्व विधायक रमेश भटेरे तथा भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने संगठन के प्रति पूर्ण समर्पण एवं सेवा भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। जिला प्रभारी श्री रमेश भटेरे जी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण महाअभियान केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त और सक्रिय बनाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के ह्यअंत्योदयह्न और ह्यएकात्म मानववादह्न के सिद्धांतों को आत्मसात कर प्रत्येक कार्यकर्ता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। संगठन की मजबूती ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण और संगठन निर्माण से राष्ट्र निर्माणह्न का मूल मंत्र आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा करते हुए मंडल एवं बूथ स्तर तक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता केवल राजनीतिक कार्यकर्ता नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा के साधक हैं। कार्यशाला में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछ्वाहा, जिला महामंत्री संतोष रजक, नरेश चंद्रोल, पंडित सिंह धुर्वे, अजजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज मरकाम, पूर्व विधायक राम प्यारे कुलस्ते, पूर्व जिलाध्यक्ष रोची राम गुरबानी, डॉ. विजय आनंद मरावी सहित सभी मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मंडल टोली एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान संगठन की विचारधारा, सेवा, समर्पण एवं अंत्योदय के मूल मंत्र को विस्तार से समझाया गया। आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, बूथ सशक्तिकरण, सामाजिक संपर्क अभियान, सेवा कार्यों एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा कर जिम्मेदारियां तय की गईं। कार्यक्रम में यह भी कहा गया कि यह प्रशिक्षण महाअभियान श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की विचारधारा को आत्मसात करते हुए आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्लविकसित भारतह्व के संकल्प को साकार करने की दिशा में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य करेगा। उपस्थित कार्यकताओं से संवाद करते हुए नेताओं ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाए। संगठन की रीति-नीति, अनुशासन और समर्पण भाव के साथ कार्य करते हुए भाजपा को और अधिक सुदृढ़ बनाना ही इस महाअभियान का उद्देश्य है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। भाजपा ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए आगामी कार्यक्रमों में भी इसी उत्साह एवं ऊर्जा के साथ सहभागिता का आह्वान किया।

## उभरता हुआ नाम -राशिद खान मानव सेवा ही जिनका लक्ष्य



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** जिले के नैनपुर निवासी राशिद खान आज एक ऐसे युवा समाजसेवी के रूप में उभरकर सामने आए हैं, जिनकी पहचान किसी एक वर्ग नहीं बल्कि सर्वसमाज के हितैषी के रूप में बन चुकी है। वर्तमान में वे मानवाधिकार परिषद के जिला अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे हैं और मानवाधिकारों से जुड़े मामलों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। राशिद खान का निवास स्थान नैनपुर आज आमजन की समस्याओं के समाधान का एक प्रमुख केंद्र बन गया है। मंडला, सिवनी और बालाघाट जिलों से लोग बड़ी संख्या में उनसे मिलने पहुँचते हैं और वे हर व्यक्ति की मदद निस्वार्थ एवं निशुल्क भाव से करते हैं।

**शिक्षा और संघर्ष-** उन्होंने वर्ष 2007 में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से पोस्ट ग्रेजुएशन किया तथा वर्ष 2010 में चाणक्य यूनिवर्सिटी में रहकर सिविल सेवा की तैयारी की। मुखर्जी नगर में रहकर अध्ययन करने के दौरान उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था और कानून से जुड़ी गहरी समझ विकसित की, जिसका लाभ आज वे आमजन की समस्याओं के समाधान में दे रहे हैं।

**साधारण परिवार, उच्च सोच-** वे एक साधारण परिवार से आते हैं। उनके पिता भारतीय रेलवे में 32 वर्ष की सेवा देने के बाद जूनियर सेक्शन इंजीनियर के पद से सेवानिवृत्त हुए। ईमानदारी और साफ छवि की यही विरासत राशिद खान के व्यक्तित्व में भी दिखाई देती है। **सर्वधर्म समभाव की सोच-** राशिद खान की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे हिंदूझ्रमुस्लिम की राजनीति से दूर रहकर सिर्फ इंसानियत की सेवा को अपना लक्ष्य मानते हैं। उनके संपर्क क्षेत्र में नैनपुर के सभी समुदायों के लोग हैं और मंडला व केवलारी विधानसभा के साथ-साथ सिवनी जिले में भी उनके हजारों समर्थक हैं। उन्होंने सिवनी क्षेत्र के लगभग 500 युवाओं को सामाजिक कार्यों से जोड़ा है। **15 वर्षों का प्रशासनिक अनुभव-** पिछले करीब 15 वर्षों से वे भोपाल स्थित मंत्रालय, पुलिस मुख्यालय, एंटी करप्शन ब्यूरो, लोकायुक्त सहित विभिन्न शासकीय कार्यालयों से जुड़े रहकर लोगों की समस्याओं का निराकरण कराते आ रहे हैं। वर्तमान में वे 15 दिन भोपाल और 15 दिन अपने गृह जिले में रहकर जनसेवा का कार्य करते हैं।

**मानवाधिकारों के लिए सतत सक्रिय-** मानवाधिकारों के हनन के मामलों में उनकी सक्रियता और निष्पक्ष कार्यशैली को देखते हुए उन्हें मानवाधिकार परिषद में जिला अध्यक्ष का दायित्व दिया गया। इस संगठन में जबलपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल सिंह बघेल कानूनी सलाहकार एवं कार्यकारिणी अध्यक्ष के रूप में जुड़े हैं।

**बढ़ती लोकप्रियता-** अच्छे कार्यों के कारण वे तेजी से जन-जन के बीच लोकप्रिय हो रहे हैं। समाज में कुछ लोगों को उनकी बढ़ती स्वीकार्यता से असहजता भले हो, लेकिन आमजन के बीच उनकी छवि एक ईमानदार, संघर्षशील और मददगार समाजसेवी की है। हम राशिद खान के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं कि वे इसी तरह निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करते हुए जरूरतमंदों को न्याय दिलाते रहें और मानवता की राह पर निरंतर आगे बढ़ते रहें।

## पंचायतों में भ्रष्टाचार का खेल? शिकायतों पर पर्दा डाल रहे जिम्मेदार अधिकारी! मोहगांव माल की फाइलें दबीं, जिला पंचायत कटघरे में







**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। जिले की ग्राम पंचायतों में विकास के नाम पर बड़ा खेल चल रहा है। पंचायत पोर्टल पर धुंधले बिल अपलोड कर भुगतान निकालने, बिना स्वीकृति कार्य कराने और वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप सामने आने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। लगातार शिकायतों के बावजूद जांच न होना कई सवाल खड़े कर रहा है झ्र आखिर किसके संरक्षण में चल रहा है यह पूरा खेल? सबसे बड़ा मामला ग्राम पंचायत मोहगांव माल का सामने आया है, जहां 28 अक्टूबर 2025 को वार्ड पंचों ने जिला कलेक्टर और जिला पंचायत मंडला को लिखित शिकायत देकर फर्जी बिलों से भुगतान, बिना अनुमोदन कराए गए कार्यों और अन्य वित्तीय गड़बड़ियों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की थी। लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी फाइलों में धूल जम रही है और कार्रवाई शून्य है।**

### धुंधले बिलों से साफ हो रहा खेल

सूत्रों की मानें तो पंचायत पोर्टल पर ऐसे बिल अपलोड किए गए हैं जिनकी गुणवत्ता इतनी खराब है कि वास्तविक सामग्री और भुगतान का मिलान करना मुश्किल हो जाता है। सवाल यह है कि क्या यह तकनीकी लापरवाही है?

**या फिर सबूत छिपाने की सोची-समझी रणनीति?-** शिकायतों का कब्रिस्तान बनता जिला पंचायत कार्यालय? शिकायतकताओं का आरोप है कि उन्होंने कई बार आवेदन दिए, लेकिन हर बार जांच का आश्वासन देकर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। अब आरोप खुलकर सामने आ रहे हैं कि शिकायतों को दबाने के लिए अंदरखाने लेन-देन तक की चर्चाएं हो रही हैं। यदि यह सच है तो यह केवल पंचायत स्तर का भ्रष्टाचार नहीं बल्कि पूरी निगरानी व्यवस्था पर बड़ा सवाल है।

### डेढ़ से ढाई महीने... कार्रवाई शून्य

इतने गंभीर आरोपों के बाद भी न स्थल निरीक्षण, न दस्तावेजों की जांच, न जिम्मेदारों से जवाब-तलब, इस चुप्पी ने प्रशासन की मंशा पर ही प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

### क्या बड़े स्तर पर है खेल?

जिले की अन्य ग्राम पंचायतों से भी इसी तरह की शिकायतें सामने आ रही हैं। इससे यह आशंका गहराने लगी है कि मामला केवल एक पंचायत तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे जिले में संगठित तरीके से वित्तीय अनियमितताओं का नेटवर्क चल रहा है।

### जनता पूछ रही -जिम्मेदार कौन?

स्थानीय लोगों का साफ कहना है यदि शिकायत के बाद भी जांच नहीं होगी तो फिर जनसुनवाई और शिकायत व्यवस्था का क्या मतलब? पंचायत स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन वर्तमान हालात इसके उलट दिखाई दे रहे हैं।

### अब आगे क्या?

शिकायतकताओं ने संकेत दिए हैं कि यदि शीघ्र निष्पक्ष जांच शुरू नहीं हुई तो वे उच्च स्तर पर शिकायत, आरटीआई के माध्यम से दस्तावेज उजागर, लोकायुक्त / आर्थिक अपराध शाखा तक मामला ले जाने जैसे वैधानिक कदम उठा सकते हैं। **सबसे बड़ा सवाल-** क्या जिला प्रशासन इस मामले में स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करेगा, या फिर फाइलें इसी तरह दबती रहेंगी?

## जिला जेल मंडला में बंदियों के लिए मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण संपन्न

दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (सेंट आरसेटी), मंडला द्वारा जिला आजीविका मिशन के सहयोग से जिला जेल मंडला में एक विशेष पहल की गई है। हाल ही में, जेल में बंद 35 बंदियों को मशरुम उत्पादन पर आधारित 6 दिवसीय अल्पावधि प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बंदियों के कौशल विकास और उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान ट्रेनर श्री मनोज धूमकेती ने मशरूम उत्पादन से संबंधित महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारी प्रदान की। बंदियों को केवल उत्पादन ही नहीं, बल्कि उद्यमशीलता विकास के गुर भी सिखाए गए ताकि वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम के समापन पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, जो उनके द्वारा सीखे गए नए कौशल को प्रमाणित करते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्ति, विभिन्न अधिकारी, जिला जेल अधीक्षक श्री सहलाम सररू, कार्यक्रम समन्वयक श्री राजीव शर्मा,एफएलसीसी अधिकारी श्री कृष्णकांत अवस्थी, श्री आशीष अग्रवाल, ट्रेनर श्री मनोज धूमकेती उपस्थित रहे।

## खालसा ढाबा के पास मिला युवक का शव कल से था लापता, बाइक हादसे की आशंका



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** मंडला के महाराजपुर थाना क्षेत्र में खालसा ढाबा के पास एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान रमन मरावी (23) पिता मिठ्ठन मरावी, निवासी ग्राम खिरसारु रमगढ़ी, थाना बम्हनी के रूप में हुई है। सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे युवक का शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल के पास ही एक बाइक भी पड़ी मिली। सूचना मिलते ही महाराजपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस के अनुसार, रमन इन दिनों केहरपुर गांव में अपने एक रिश्तेदार के घर रह रहा था। वह मंडला के लालीपुर स्थित एक टेंट हाउस में काम करता था। रविवार शाम वह घर जाने की बात कहकर निकला था। प्राथमिक जांच में मामला बाइक के अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होने का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल, पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पिंडरई में लोधी समाज की महासभा बलिदान दिवस की तैयारियों और सामाजिक सुधारों पर हुआ मंथन



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। लोधी क्षेत्रीय क्षत्रिय समाजह्न की एक महत्वपूर्ण महासभा पिंडरई में संपन्न हुई, जिसमें समाज के विभिन्न गांवों से आए प्रबुद्धजनों, युवाओं और वरिष्ठ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 20 मार्च को रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस को भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देना तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन के लिए ठोस रणनीति तैयार करना रहा।**

**सामाजिक सुधारों पर चर्चा**

बैठक का केंद्र बिंदु समाज में प्रचलित ह्यमृत्यु भोजह्न (त्रयोदशी) जैसी परंपराओं पर रहा। वक्ताओं ने कहा कि शोक की घड़ी में परिवार पहले से ही मानसिक और भावनात्मक पीड़ा से गुजरता है, ऐसे समय में बड़े स्तर पर भोज का आयोजन करना आर्थिक रूप से अत्यंत बोझिल साबित होता है। कई परिवार कर्ज लेकर इस प्रथा का निर्वहन करते हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति लंबे समय तक प्रभावित रहती है। समाज के युवाओं ने तर्क दिया कि समय के साथ परंपराओं में आवश्यक बदलाव होना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि मृत्यु भोज की बजाय सादगीपूर्ण शोक सभा आयोजित की जाए, जिसमें दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की जाए और अनावश्यक खर्च से बचा जाए। इस विषय पर उपस्थित सदस्यों ने गंभीरता से विचार-विमर्श किया और भविष्य में इस कुरीति को पूर्णतः समाप्त करने के लिए सर्वसम्मति बनाने पर जोर दिया।

**बलिदान दिवस को भव्य बनाने की तैयारी-** महासभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 20 मार्च को वीरांगना रानी अवंती बाई के बलिदान दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में शोभायात्रा, माल्यार्पण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान शामिल रहेगा। इसके लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया तथा कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। वक्ताओं ने कहा कि रानी अवंती बाई का जीवन त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना समाज का दायित्व है। इस वर्ष का आयोजन समाज की एकता, जागरूकता और संगठन शक्ति का परिचायक बने, इसके लिए सभी गांवों से सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

**शिक्षा और सहयोग को प्राथमिकता-** बैठक के दौरान यह महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी सामने आया कि सामाजिक आयोजनों में होने वाली फिजूलखर्ची को रोका जाए और उस धन का उपयोग समाज के मेधावी एवं जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य रचनात्मक कार्यों में किया जाए। इसके लिए एक ह्यस्वैच्छिक दान-पात्रह्न की व्यवस्था शुरू करने पर भी विचार किया गया, जिससे पारदर्शी तरीके से राशि एकत्रित कर समाजहित में उपयोग की जा सके। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने कहा कि यदि शिक्षा को प्राथमिकता दी जाए तो आने वाली पीढ़ी सशक्त और आत्मनिर्भर बनेगी। उन्होंने युवाओं से सामाजिक सुधार की इस मुहिम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

**व्यापक सहभागिता और आगे की योजना-** इस महासभा में पिंडरई, घटेरी, खिरखिरी, सर्रई, अतरिया, जलतरा एवं आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे। स्थायी समिति ने जानकारी दी कि समाज सुधार से जुड़े विषयों पर चर्चा का यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। आगामी समय में अन्य गांवों में भी ऐसी वैचारिक बैठकों का आयोजन किया जाएगा, ताकि व्यापक सहमति बनाकर ठोस और प्रभावी निर्णय लिए जा सकें। बैठक का निष्कर्ष स्पष्ट रहा—समाज को फिजूलखर्ची से बचाते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य और जागरूकता की दिशा में आगे बढ़ना ही सच्ची सामाजिक प्रगति का मार्ग है। बलिदान दिवस का आयोजन केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि समाज सुधार और एकता का संदेश देने का माध्यम बनेगा ।




स्वामी,प्रकाशक, मुद्रक, मुकेश श्रीवास द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन जबलपुर 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं सिविल लाईन जवाहर वार्ड मंडला से प्रकाशित। प्रधान संपादक-मुकेश श्रीवास, सिविल लाईन, जवाहर वार्ड मंडला । मो. 9406771592, संपादक - प्रहलाद उइके
RNI. Reg. No MPHIN/2016/69877 (समाचार पत्र के लिये पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) (न्यायलयीन क्षेत्राधिकार मंडला) Email:- revanchaltimes@gmail.com web-revanchaltimes.in